# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

वर्ष - 05 अंक - 40 बैकुंठपुर, बुधवार 06 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

www.cgfrontline.com


## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से नगर पंचायत क्षेत्र कुनकुरी की संवरेगी तस्वीर

### ढाई करोड़ से अधिक की राशि से होगा पूरा कायाकल्प





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रकृति की गोद में स्थित जशपुर जिले में नए सिरे से विकास की गाथा लिखी जा रही है। विकास की इसी कड़ी में कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र में सौंदर्यीकरण सहित कई कार्यों के लिए ढाई करोड़ से अधिक की राशि की मंजूरी मिली है। ये कार्य फिलहाल प्रक्रियाधीन है। इन कार्यों के पूरे हो जाने से कुनकुरी की तस्वीर संवर जाएगी। इससे अब नगर को अलग पहचान भी मिलेगी। नगर पंचायत कुनकुरी के वार्ड नंबर 2 में विसर्जन तालाब का सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण किया जाएगा। जिसके लिए 98.31 लाख की राशि स्वीकृत है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक के विकास परियोजना के लिए 22.12 लाख मंजूर हुए हैं। 120.43 लाख के इन दो कार्यों के अलावा भी बहुत से कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिनमें सड़क के किनारे पौधरोपण के लिए 11.92 लाख, हनुमान टेकरी पैदल पथ का निर्माण, विभिन्न चौक चौराहों में जेब्रा क्रॉसिंग बनाया जाएगा। Cobble stone pathway के लिए भी 10.03 लाख की मंजूरी मिली है। नगर के विभिन्न वार्डों में मिनी गार्डन भी बनाया जाना है। जिनमें रेमते रोड, चर्च गेट, जूदेव प्रतिमा के पास, पंजाब नेशनल बैंक के पास, वार्ड क्र 6 गोर्टो के पास, वार्ड क्र 7 में सामुदायिक भवन के पास, बीएसएनएल ऑफिस के पास, बस स्टैंड के पास, वार्ड क्र 10 इस्लाम नगर में,महिला बाल विकास ऑफिस के पास,वार्ड क्र 12 शिव मंदिर के पास एवं इंडियन बैंक के बगल में मिनी गार्डन बनेगा, जिससे कुनकुरी की सुंदरता और बढ़ेगी। इसके अलावा देवकी महाराज चौक के विकास के लिए भी 9.23 लाख की स्वीकृति मिली है। इसी तरह बेहराटोली और अंधारी बगीचा में कम्युनिटी हाल भी बनाया जाना है। इन सब कार्यों के लिए कुल 148.46 लाख की स्वीकृत हुए हैं। इस बारे में कुनकुरी नगर पंचायत के सीएमओ श्री उपाध्याय ने बताया कि ये सारे कार्य अभी टेंडर की प्रक्रिया में है। प्रक्रिया पूरी होते ही कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। सीएम विष्णुदेव साय का प्रयास से कुनकुरी में 220 बिस्तर का अस्पताल और 400 केवी विद्युत सब स्टेशन की भी पहले ही मिल चुकी है स्वीकृति मिल चुकी है। इससे जहां क्षेत्र में लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगा वहीं आसपास के क्षेत्र के मरीजों को बड़े अस्पताल में इलाज की सुविधा भी मिलेगी।

## कुनकुरी में धान से भरा ट्रक पकड़ाया

### प्रशासन कर रहा मामले की जांच, बड़ा घोटाला सामने आने की संभावना

- कुनकुरी में 150 बोरी धान जब्त, प्रशासन ने शुरू की जांच, बड़े गिरोह का हाथ होने की आशंका







छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** कुनकुरी के पण्डरीपानी गांव में सड़क के किनारे एक धान से लदे ट्रक को तहसीलदार मुखदेव यादव ने अपनी टीम के साथ जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह ट्रक जशपुर से पत्थलगांव की ओर जा रहा था। ट्रक में रखे गए धन की सही मात्रा का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

इस मामले की जांच तहसीलदार कुनकुरी मुखदेव यादव द्वारा की जा रही है। मुख्य मार्ग छोड़कर ग्रामीण मार्ग में ट्रक की संदेहास्पद उपस्थिति किसी बड़े अवैधानिक कार्य की ओर ईशारा करता है। धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही अवैध धान परिवहन का मामला धान खरीदी व्यवस्था में हो रहे भ्रष्टाचार की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। ट्रक को कुनकुरी पुलिस थाना में जप्त कर रखा गया है। प्रशासन एवं पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह धान कहां से आया था और इसे कहां ले जाया जा रहा था। साथ ही,यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, ट्रक से एक पिक-अप वाहन से धान का अन्यत्र कही भण्डारण किया जा रहा था। यह मामला बड़े पैमाने पर धान खरीदी या किसी अन्य अवैध गतिविधि से जुड़ा हो सकता है। प्रशासन इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है। इस मामले में अधिक जानकारी के लिए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस से संपर्क किया जा रहा है। प्रशासन जल्द ही इस मामले में का खुलासा करेगा। प्रकरण के बारे में तहसीलदार कुनकुरी मुखदेव यादव द्वारा प्रारंभिक जानकारी देते हुए बताया कि कुनकुरी के ग्राम पण्डरीपानी रोड पर ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6229 को 150 बोरी धान के साथ जप्त किया गया है और वाहन चालक महावीर राम द्वारा बताये अनुसार ट्रक से 150 बोरी धान एक पीकअप के माध्यम से अन्यत्र भेजा गया है। शेष धान पंचनामा बनाकर जप्त किया गया है। प्रकरण में अग्रीम कार्यवाही की जा रही है।

## कलेक्टर के जनदर्शन में पटवारी को देने के लिए 8500 रुपये उधार मांगने पहुंचा फरियादी

**अंबिकापुर।** कलेक्टर के जनदर्शन में मंगलवार को एक अनोखा मामला सामने आया। नक्शा दुरुस्त कराने पटवारी द्वारा मांगी जा रही रकम की व्यवस्था कर पाने में असमर्थता जताते हुए एक फरियादी ने कलेक्टर से शेष रकम उधार लेने पहुंच गया। अंबिकापुर एसडीएम ने मामले में जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर सरगुजा के जनदर्शन में मोमिनपुरा अंबिकापुर निवासी मुस्तकीम अपनी समस्या लेकर पहुंचा। वह बताया कि उसकी जमीन का नक्शा दुरुस्त करने के लिए पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। रिश्वत की रकम कम होने की वजह से वह सरगुजा कलेक्टर से 8500 रुपये उधार मांगने आवेदन लेकर आया है। फरियादी ने बताया कि पिछले कई महीनों से अपने जमीन का नक्शा दुरुस्त कराने पटवारी के दफ्तर चक्कर लगा रहा था, लेकिन पटवारी के द्वारा बार-बार टालमटोल किया जा रहा है। पटवारी द्वारा फरियादी से 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई, लेकिन उनके पास इतने रुपये नहीं थे कि उसे रिश्वत की रकम दे सके। पीड़ित ने किसी तरह ढाई हजार रुपये जुटा कर पटवारी को रिश्वत की रकम दे दी। बावजूद इसके पटवारी बचे हुए रुपये की मांग कर रहा था। इन्ही परेशानियों की वजह से फरियादी मुस्तकीम ने पटवारी श्रवण पांडेय को रिश्वत की रकम देने के लिए सरगुजा कलेक्टर से 8500 रुपये उधार देने की मांग की।

## सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के गठन में नियमों की अनदेखी

- लुण्ड्रा ब्लाक के 51 ग्राम में ग्राम पंचायत सचिवों को सीएफआरएमसी में भी सचिव बनाने का आरोप

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** वन संसाधन प्रबंधन समिति के गठन में नियमों को ताक पर रखकर ग्राम पंचायत के सचिवों को ही समिति का सचिव बना देने को लेकर राज्य समन्वयकों ने इसे नियम विरूद्ध बताते हुए इसमें बनाए गए सचिवों को हटाने की मांग लुण्ड्रा जनपद के सीईओ से की है।

जानकारी के अनुसार अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 नियम 2007 तथा संशोधित नियम 2012 की धारा 3 (1) (झ) के तहत विकासखण्ड लुण्ड्रा के 85 ग्रामसभाओं को सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण, संवर्धन पुनर्जनन और प्रबंध करने का अधिकार प्राप्त है। इसके तहत नियमानुसार प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सरगुजा कलेक्टर द्वारा 20 जून को पत्र जारी करके 03 जुलाई से विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर जिले के 262 ग्रामों में प्रावधान अनुरूप सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति गठन करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद संबंधित ग्रामों में ग्राम सभा सदस्यों में 5 से 11 सदस्य, जिसमें एक तिहाई महिला और 3 पदाधिकारी अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया, लेकिन सचिव का दारोमदार ग्राम पंचायत के सचिव को दे दिया गया, जो नियम के विपरीत है। ऐसे गांव की समिति में संशोधन कर सचिव को बदलने के लिए आदिवासी विकास विभाग द्वारा भी बीते माह 18 अक्टूबर को पत्र जारी किया गया है।

बता दें कि चैपाल संस्थान सरगुजा तथा पर्यावरण अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में जिले में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के विषय पर युवाओं को जागरूक करने तथा युवाओं के नेतृत्व में स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु काम किया जा रहा है, जिसके तहत सामुदायिक वन संसाधनों की सुरक्षा व प्रबंधन एक अहम् भाग है। इसी को लेकर 04 नवम्बर को छत्तीसगढ़ यूथ नेटवर्क के माध्यम से जनपद सीईओ लुण्ड्रा को 'सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति (सीएफआरएमसी) में संशोधन कर उक्त समिति से ग्राम पंचायत के सचिवों को हटाने की मांग की गई है। इसमें राज्य समन्वयक नरेन्द्र कुमार दास, भगत राम, अंजली, अर्चना, ज्योति, दीपक, निलाम्बर, भाग्यवती, अमलेश, छोटेलाल व शिवनाथ मिंज शामिल थे।


## टीबी मुक्त भारत का संदेश दिया पिरामल फाऊंडेशन

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिला के आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर के माध्यमिक शाला धरमपुर में टीबी मुक्त भारत का संदेश देते हुए पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि हम जागरूक रहेंगे, सतर्क रहेगें तो सभी प्रकार के बाधाओं से बच सकते हैं। टीबी बिमारी हवा के माध्यम से फैलती है। टीबी से संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने अथवा जोर-जोर से बातें करने से हम संक्रमित हो सकते हैं। इसलिए हमें जो भी टीबी के संभावित व्यक्ति दिखें उनके बलगम जांच का सलाह देना चाहिए। इस बिमारी का इलाज पूर्णत: संभव है। टीबी जांच के लिए आवश्यक आधुनिक टेक्नोलॉजी यंत्र और टेक्नीशियन आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। टीबी मुक्त भारत के लिए हर व्यक्ति को जागरूक रहना अति आवश्यक है।

### जशपुर के बटईकेला में सनसनीखेज वारदात

## कियोस्क संचालक पर हमला, बचाने आई दादी की गोली लगने से मौत, जशपुर पुलिस जांच में जुटी





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के बटईकेला में मंगलवार, 5 नवंबर को दिनदहाड़े एक कियोस्क संचालक पर हमला हुआ। इस घटना में संचालक के दादी की गोली लगने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो अज्ञात युवक कियोस्क पर आए और पैसे लूटने की कोशिश की। कियोस्क संचालक संजू कुमार गुप्ता ने विरोध किया तो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान संचालक की दादी 60 वर्षीय उर्मिला बाई बीच बचाव के लिए आईं, लेकिन एक हमलावर ने उन पर गोली चला दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी है और डॉग स्क्वायड की मदद से भी आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। घायल संजू कुमार गुप्ता को कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, एडिशनल एसपी निमिषा पांडेय और विजय सिंह राजपूत स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। यह घटना क्षेत्र में सनसनी फैला देने वाली है।

## राज्योत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे स्टाल

- जनसंपर्क विभाग द्वारा लोगों को विभाग योजनाओं से संबंधित जनमन, सुशासन का सूरज, रोजगार नियोजन, सुशासन के नवीन आयाम की पुस्तिका का किया जा रहा वितरण



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर जशपुर जिले में राज्योत्सव के मौके पर जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित और विकास कार्य से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। बड़ी संख्या में लोग जनसंपर्क विभाग का स्टाल में योजनाओं की जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। विभाग द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री वितरण किया जा रहा है। विभाग जनमन, सुशासन का सूरज, सुशासन के नवीन आयाम, रोजगार नियोजन का भी वितरण किया जा रहा है। बगीचा विकासखंड के मुक्ति पैंकरा और सुशील कुमारी ने बताया कि विभाग द्वारा बहुत की अच्छी जानकारी वाली पुस्तिका दी जा रही है। इसका लाभ हम अवश्य उठाएंगे जशपुर विकास के कदमटोली निवासी नवासाय भगत , मनोरा विकास खंड की शकुंतला भगत, पोतेंगा की चम्पावती बाई , लोखंडी की निलम एक्का, नारायणपुर की तेजवन्ती ने बताया कि बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी जनसंपर्क विभाग द्वारा दी जा रही पुस्तिका लाभदायक है।

## प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस पर गोमती साय ने लगाए गंभीर आरोप

### मतांतरण और प्रदेश को अशांत करने के षड़यंत्र में बताया कांग्रेस का हाथ: गोमती साय

- जिले में मतांतरितों के धरना प्रदर्शन के पीछे कांग्रेस: कृष्ण कुमार राय



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भावन का वातावरण बिगाड़ कर कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाने का षड़यंत्र कर रही है। बीते दिनों बलरामपुर जिले में पुलिस अधिकारी के स्वजनों की हत्या की घटना हो या फिर बलौदा बाजार जिले के दामाखेड़ा में कंबीर पंथियों के साथ पूरे प्रदेशवासियों के आस्था केन्द्र पर हमला करने का मामला। इन सभी घटनाओं में कांग्रेसियों का हाथ होने का सबूत अब सबके सामने उजागर हो गया है। सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने उक्त बातें कहीं। वे शहर के जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि इन दिनों जब पूरे प्रदेश में लोग 25 वां राज्योत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस अपने राजनैतिक लाभ के लिए प्रदेश का वातावरण खराब करने के लिए आपराधिक साजिश को अंजाम देने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों दामाखेड़ा में हुई घटना में कांग्रेसी कार्यकर्ता की संलिप्तता सबके सामने आ चुकी है। स्वयं प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इसका उल्लेख किया है। प्रकाश मुनि साहेब ने स्पष्ट कहा कि इस घटना को राजनैतिक रूप देने की कोशिश की जा रही है। बलौदा बाजार में कलेक्टर-एसपी कार्यालय में हुई आगजनी के मामले में कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव अब भी जेल में बंद हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें किसी भी न्यायालय से जमानत नहीं मिल पा रही है। गोमती साय ने आरोप लगाया कि लोहारीडी कांड में बार-बार अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है।

***मतांतरण में कांग्रेस का सीधा हाथ***

राधाकांत भवन में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए गोमती साय ने आरोप लगाया कि जशपुर सहित पूरे प्रदेश में चल रहे मतांतरण में कांग्रेस शामिल है। गोमती साय ने कहा कि ईसाई समाज के लिए कांग्रेस का साथ खुल कर इसीलिए देते हैं। मतांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास के संबंध में पूछे जाने पर गोमती साय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ पर सजग है। इसलिए मतांतरण का खेल खुल कर नहीं हो पा रहा है। उन्होनें कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार मतांतरण पर नकेल कसने की दिशा में काम कर रही है।

***विधायक रायमुनि के खिलाफ साजिश***

कृष्ण कुमार राय ने मिडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि बीते दिनों विधायक रायमुनि भगत के खिलाफ में जिस तरह ईसाई समाज ने प्रदर्शन किया इसके पीछे सीधे तौर पर कांग्रेस शामिल है। कांग्रेस और मतांतरित मिल कर भाजपा की विधायक रायमुनि भगत को कमजोर करना चाहते हैं। लेकिन पत्थलगड़ी को उखाड़ फेंकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रायमुनि भगत किसी भी तौर पर कमजोर नहीं है। उन्होनें कहा कि जिले में मतांतरितों की संस्थाओं की भूमिका भी अब जिलेवासियों के सामने उजागर हो रही है। इस संबंध में समुचित कार्रवाई जरूर की जाएगी। उन्होनें कांग्रेस पर ग्रामीणों को आपस में लड़ाने का आरोप भी लगाया।

# महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने स्टाल का किया अवलोकन

**★ राज्य स्थापना दिवस पर लगाई गई एकदिवसीय प्रदर्शनी ★ आदिवासी सांस्कृतिक, आर्थिक सशक्तिकरण की झलकियों के साथ कबाड़ से जुगाड़ का कलात्मक प्रदर्शन ★ पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक**

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल कन्या हाई स्कूल मैदान बलरामपुर में मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया तथा हितग्राही मूलक योजना सबंधित सामग्रियों का वितरण भी किया। इस अवसर पर सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा, पिछड़ा आयोग सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्री विनय पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित, कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रामनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, गणमान्य नागरिक श्री ओमप्रकाश जायसवाल, श्री गोपाल मिश्रा, श्री दीनानाथ यादव, श्री दिलीप सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। गौरतलब है कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलरामपुर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं की एकदिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमे 13 विभागों ने अपनी विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में एकलव्य मॉडल, वन उपज संग्रहण, और पारंपरिक स्थानीय वाद्य यंत्रों, आभूषण का प्रदर्शन किया गया। एकलव्य मॉडल आदिवासी बच्चों के शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है,




जिसका उद्देश्य उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आदिवासी समुदायों के पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है, जो उनकी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आदिवासी विकास विभाग की यह प्रदर्शनी आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और उनके विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में महतारी वंदन योजना, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, प्रदर्शनी में पोषण और सब्जी के बारे में भी जानकारी दी गई, जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का मॉडल प्रदर्शित किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को आवास प्रदान करना है। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर हो रही समूह के बारे में बताया गया। वन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में लोगों को वन संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दिया गया है। वन अधिकार पट्टे के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वनवासियों को उनके अधिकारों के बारे में पता चल सके साथ ही जड़ी-बूटियों के औषधीय गुणों और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। उद्यान विभाग द्वारा फल और सब्जी प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से लोगों को फल और सब्जी के महत्व के बारे में जानकारी के साथ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।फल और सब्जियों में विभिन्न प्रकार के विटामिन, खनिज और फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं, जो शरीर को रोगों से बचाव के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करते हैं। इनके सेवन से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप जैसे रोगों की रोकथाम होती है। इसके साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए उत्पादन और खपत को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना है।

पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य पशु रोगों के नियंत्रण और निवारण के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है। ताकि वे अपने पशुओं का उचित तरीके से उपचार करवा सकें।

पशुधन विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करना है ताकि पशुओं को उचित तरीके से उपचार मिल सके। जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड के तहत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी दी गई जिसमें हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के युवाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराते हुए लाइव रेट कॉलेज बलरामपुर में विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रशिक्षण देकर रोजगार स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनीमिया और टीबी जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी दी गई। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत गरीब वर्ग के लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल कर सकें इसके अलावा, सिकल सेल, एनीमिया, और टीबी जैसे रोगों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिनके लिए समय पर उपचार करना आवश्यक है।

शिक्षा विभाग द्वारा प्रदर्शनी में कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन किया गया, जो विद्यार्थियों की कलात्मकता और संसाधनों का सही उपयोग करने की क्षमता को दर्शाता है । इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन का मॉडल प्रदर्शित किया गया इस माध्यम से लोगों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के बारे में जागरूक किया गया। जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

मछली विभाग और कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। मछली बीज की उपलब्धता, कृषि में नवाचार और फसल बीमा योजना योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई जिससे अपने क्षेत्र में इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## राजू दुबे कोयला मजदूर सभा के नियुक्त किए गए सचिव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने राजू दुबे माइनिंग सरदार अमेरा को सभा का सचिव नियुक्त किया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक को प्रेषित पत्र में क्षेत्रीय महामंत्री ने उल्लेख किया है कि राजू दुबे औद्योगिक संबंधों की परिधि में अपने पद के अनुरूप सभा के गतिविधियों का संचालन करने अधिकृत होंगे।

## संयुक्त संचालक शिक्षा ने प्रायमरी स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता ने आज शासकीय प्राथमिक विद्यालय अजबनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा शासकीय प्राथमिक पाठशाला अजबनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां पर उन्होंने शिक्षकों से समय पर विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने यहां पर परक अंतर्गत क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिसमें विद्यालय स्तर पर अपूर्ण स्थिति में कार्यक्रम होना पाया गया। जिस पर तल्ख अंदाज में संयुक्त संचालक शिक्षा ने समय सीमा पर सभी दायित्वों का निर्वहन करने हेतु सभी शिक्षकों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने पौष्टिक व गुणवत्तायुक्त मध्याह्न भोजन बच्चों को उपलब्ध कराए जाने की बात कही। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## गौतम हत्याकांड के जांच में बहन ने जताया संदेह, निष्पक्ष जांच की मांग

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में दिपावली की रात हुए गौतम दास हत्याकांड के मामले में अब एक नया मोड आ गया है। मृतक की बहन उत्तर प्रदेश के मेरठ से यहां आकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर अपने भाई की हत्या में परिवार के ही कुछ नजदीकियों के शामिल होने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। सुरजपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में प्रार्थिया अष्टमी दास उर्फ सुनीता ने उल्लेख किया है कि उसके भाई गौतम दास पिता स्व गोविन्द दास 40 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत रविंद्रनगर की हत्या दिपावली की रात हुई थी। जिसकी सूचना दूसरे दिन सुबह रंजित सोम ने फोन पर दिया था। प्रार्थिया मेरठ में रहती है। वहां से रविवार की रात्रि में यहां आकर भयवश अंबिकापुर रेल्वे स्टेशन के पास ढाबा में ही रूक गई है। प्रार्थिया को गांव में जाने से जान का डर लग रहा है। प्रार्थिया एक वर्ष पूर्व गांव में आई थी, जो अपने भाई के पास की यहीं रहकर अपने पिता की संपत्ति पर खेती बाड़ी करके जीवनयापन करना चाहती थी।



जिस पर गांव के ही एक रिश्तेदार सुख मालाकार द्वारा कथित रूप से प्रार्थिया के साथ मारपीट कर मुंह दांत तोड़ दिया गया था। साथ ही प्रार्थिया को यहां से चले जाने की धमकी दी गई थी। तब प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जा रही थी, जिस पर उसको रास्ते में रोक कर मारपीट किया गया। प्रार्थीया अपनी जान बचाकर किसी तरह यहां से वापस मेरठ चली गई। प्रार्थिया द्वारा ज्ञापन में उल्लेख कर आरोप लगाया गया है कि उसके भाई गौतम दास को भी सुख मालाकार द्वारा बहुत मारा गया है। प्रार्थिया का यह भी आरोप है कि सुख मालाकार द्वारा उसकी मां को भी जलाकर मार डाला गया था, जिसमें जयनगर पुलिस द्वारा जांच की गई थी किंतु उसके डर से गांव का कोई भी व्यक्ति कुछ नहीं बोला व अपने रसूख के कारण बच गया था। प्रार्थिया द्वारा अपने पिता की संपत्ति को भी किसी अन्य व्यक्ति को ढ़ाई एकड़ भूमि विक्रय कर दिए जाने का भी उल्लेख किया गया है और उसने भी अन्य किसी को बेच दिया है। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि जो संपत्ति बची थी उस पर ईंट की दीवार बनाकर घेरा कर दिया गया है। प्रार्थिया द्वारा ज्ञापन में बताया है कि सुख मालाकार और उसका भांजा दोनों मिलकर गौतम दास की हत्या किए हैं और पुलिस केवल उसके भांजे को ही दोषी बनाई है। प्रार्थिया द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग गई है।

## राज्योत्सव कार्यक्रम में मंत्री ने 4 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन आवास व पीएमएवाई-जी आवास योजना अंतर्गत 04 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी सौंपी गई। गौरतलब है कि 01 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज 05 नवम्बर को जिला मुख्यालय के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े पहुँची। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। इसमें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत 04 पहाड़ी कोरवाओं को उनके पक्के आवास की चाबी दी।

ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री जनमन




आवास योजना के माध्यम से पहाड़ी कोरवाओं को बेहतर और सुरक्षित जीवन देने का प्रयास जारी है, योजना से न केवल उन्हें पक्के आवास मिल रही है बल्कि बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री के हाथों आवास की चाबी पाकर प्रफुल्लित हो रहे विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम गोविंदपुर निवासी श्री केन्दू आत्मज श्री तेज ने बताया कि मंत्री श्री राजवाड़े के द्वारा पक्के आवास की चाबी मिली है और पक्का आवास मिलने से हमारी मुश्किलें कम हो गई है। मैंने सोचा नहीं था कि मैं अपने जीवन में परिवार के साथ पक्के आवास में रह पाऊंगा। मैं खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता हूं मेरे पास इतनी बचत नहीं होती है कि मैं खुद से पक्का घर बना सकूं। लेकिन इस योजना से मुझे पक्के का घर मिला। अब मेरे बच्चे भी पक्के घर में रहेंगे और अब हमें किसी भी मौसम में परेशानियों का सामना करना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा गरीब और वंचित परिवारों को आवास प्रदान करने की चलाई जा रही इस योजना से पहाड़ी कोरवाओं को जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। वे कहते है कि पीएम जनमन आवास से हम जैसे परिवारों को सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिला है। साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है और हर पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए सर पर छत देने के सपने को साकार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। लाभान्वित हितग्राहियों ने आवास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का फूंका पुतला

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** प्रदेश के दामाखेड़ा के कबीर आश्रम के मुनि उदित मुनि के ऊपर गत दिनों जो हमला किया गया उसमें कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के शामिल होते हुए दिखाई दिए जाने की बात व इस बयान को खुद आश्रम के पूर्व संचालक मुनि उदित द्वारा व्यक्त किए जाने पर भाजयुमो द्वारा बस स्टैंड में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष



दीपक बैज का पुतला दहन कर नारेबाजी की गई। सोमवार को युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देश में सूरजपुर जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती व अवनीश सिंह के नेतृत्व में बिश्रामपुर मंडल अंतर्गत नगर के बस स्टैंड में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया।सर्वप्रथम युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी किया गया। पुतला दहन के दौरान पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झपटी भी हुई। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ललित गोयल, रितेश जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, दीनानाथ यादव, श्यामा पांडेय, विवेक अग्रवाल, अविनाश साहवाल, संतलाल प्रजापति, दुर्गा गुप्ता, दीपेंद्र दुबे, शांतनु सिंह चौहान, शनि मिश्रा, राजकुमार यादव, आनंद शर्मा, सुरजीत कुमार, अर्जुन राजवाड़े, कुंदन मंडल, सुरेश सोनी, किशन देवांगन, अंकित सिंह चौहान, श्यामू साहू, जीतू मानिकपुरी, शोमेन चक्रवर्ती, अनूप जायसवाल, मनीष मिश्रा, संस्कार सिंह, हिमांशु, रूपेश, संतोष मानिकपुरी, अभिषेक, रामू, अजित, मोनू, कमलेश, शानू साहू, संदीप साहू, आदित्य, हर्षभूषण सारथी, अनुग्रह, यश सोनी, संदीप, राजेश यादव, यार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला बाल विकास विभाग मंत्री को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को जिला मुख्यालय पहुंचने पर सर्किट हाउस में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, सहित अन्य मौजूद रहे।

## राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्योत्सव कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की विभिन्न सरकारी योजनाओं जानकारी दी गई। जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित जनमन पत्रिका का वितरण भी किया गया । जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी को लोगों का बेहतर प्रतिसाद मिला। शासन के योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए आमजनों में गजब का उत्साह है। प्रदर्शनी के माध्यम से श्रमिक परिवारों के लिए के लिए दी जा रही सहायता योजना, एक पेड़ मां के नाम अभियान, तेंदूपत्ता संग्रहण, सुरक्षा व्यवस्था, युवाओं, तथा महिलाओं के लिए संचालित योजना की उपलब्धियां प्रदर्शनी में साझा की गई है। प्रदर्शनी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराना व लाभान्वित करना है।

### छत्तीसगढ़ सरकार ने समाज के हर वर्ग को दिया है सहारा

प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंची ग्राम पंचायत पस्ता निवासी श्रीमती कुंती पहाड़ी कोरवा ने बताया कि राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग को सहारा दिया है। किसान, महिला, वृद्ध, श्रमिक को अपनी योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया है।

उन्होंने विभाग द्वारा प्रकाशित पत्र- पत्रिकाओं को महत्वपूर्ण सूचना स्त्रोत मानते हुए कहा कि इससे शासन के योजनाओं की सटीक जानकारी मिलती है। इसी प्रकार विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे श्री चौतराज ने बताया कि योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचाने की यह पहल सराहनीय है, जहां एक ही स्टाल में सभी योजनाओं की सही जानकारी मिल रही है।

# हर क्षेत्र में नई बुलंदियों को छू रहा है छत्तीसगढ़ : मंत्री राजवाड़े

## बलरामपुर में राज्य स्थापना दिवस पर एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। राज्य स्थापना दिवस पर बलरामपुर जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में महिला-बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुईं। इस दौरान करमा नृत्य से उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य मंच पर मंत्री ने सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा, पिछड़ा आयोग सदस्य कृष्णा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष विनय पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल, गोपाल मिश्रा, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित जनसमुदाय को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। राज्य बने हुए 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में विकास देखने को मिल रहा है। शिक्षा हो या स्वास्थ्य हर क्षेत्र में राज्य नई बुलंदियां छू रहा है। सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा ने छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर बधाई देते हुए मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य बनने के संदर्भ में संक्षिप्त जानकारी दी। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्योत्सव में महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। जिसमें वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को वन्यप्राणी क्षतिपूर्ति मुआवजा का भुगतान किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, श्रम विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, पशुधन विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजना के तहत 03 हितग्राहियों को चेक, उद्यान विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत अनुदान प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को जाल एवं आइसबॉक्स, कृषि विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत सरसों व मसूर बीज का वितरण, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को आवास, नगर पालिका परिषद बलरामपुर के द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 02 हितग्राहियों को चेक तथा खाद्य विभाग द्वारा द्वारा 10 हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया गया।

# अब वोटिंग के लिए तकलीफें हुई दूर, घर पर मतदान

### बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचा मतदान दल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के तहत 5 नवंबर से होम वोटिंग शुरू हो गई है। मतदान दल अब 85 से अधिम उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के घर पहुंचकर वोटिंग करा रहा है। होम वोटिंग 5 से 7 नवंबर तक सुविधा रहेगी। मतदान रथ आज मालवीय रोड स्थित 98 वर्ष की श्रीमती विटाना गुप्ता के पहुंचा। उन्होंने अपने घर पर ही बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया। श्रीमती गुप्ता बताती हैं कि वे हमेशा से निर्वाचन के दौरान मतदान करती रही है। उम्र अधिक होने की वजह से अब मतदान केंद्र तक जाने-आने में काफी दिक्कतें होती है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुरू की गई होम वोटिंग की सुविधा काफी लाभदायी है। वे बताती है कि यह बहुत अच्छी सुविधा है कि घर पर ही वोटिंग की सुविधा मिल रही है। इससे बुजुर्गों को भी तकलीफें नहीं होगी। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं।

# निगम आयुक्त ने होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को दिखाई हरी झंडी



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत मंगलवार से होम वोटिंग 5 नवंबर से शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मतदान दल के सभी कर्मियों को पुष्प देकर स्वागत किया। उप निर्वाचन के लिए 4 अलग-अलग मतदान रथ विधानसभा में पहुंचकर होम वोटिंग कराएगी। मतदान रथ के माध्यम से 85 से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान दल को आज मतदान सामग्री का वितरण किया गया और उन्हें रवाना किया गया है। होम वोटिंग की सुविधा 5 नवंबर से 7 नवंबर 2024 तक चलेगी। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सामान्य आपत्ति के पेंशन प्रकरणों का जल्द होगा निराकरण

### संभागायुक्त कावरे ने की समीक्षा, निराकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।संभागायुक्त महादेव कावरे ने विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने और अगले महीनें तक प्रगति दिखाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कावरे ने मंगलवार को जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आबकारी, राज्य कर, सामाज कल्याण, कृषि आदि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों पर कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों में सामान्य आपत्तियों जैसे नाम सुधार, दस्तावेज अपलोड करने जैसी आपत्तियों का अपने स्तर पर निराकरण कर पेंशन प्रकरणों के निपटारें में तेजी लाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने विभागीय स्तर पर जांच के कारण लंबित पेंशन प्रकरणों में विभागीय जांच को भी व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकृत कराने की पहल करने को कहा।


**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार गुप्ता पिता अनिल गुप्ता जाति कलवार निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 192/205 रकबा 0.021 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंसती तिर्की आ० जयमन राम भगत जाति उरांव निवासी बहोरा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 141/8 रकबा 0.032 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 4/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जशवन्ती भगत पत्नी समर विजय भगत जाति उरांव निवासी विशुनपुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम विशुनपुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 116/7 रकबा 0.020 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202410020700033/**

विषयः- अ-27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2024-2025
मायापुर प.ह.न. 00014 [270/13(0.0240हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- मो० सौकत अंसारी, मो० सेकुल अंसारी, शाहजहाँ बेगम पति सलीम अंसारी मो० उसमान अंसारी,

अनावेदक पक्षकार - शाहजहाँ बेगम पति सलीम अंसारी मो० उसमान अंसारी, मो० सौकत अंसारी, मो० सेकुल अंसारी,

**ईश्तहार**

आवेदक मो० उसमान अंसारी आ०मो० अगर अंसारी निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम मायापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 270/13 रकबा 0.024 हे० भूमि का उभय पक्षकार के मध्य बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर


# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील पुरवा में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी श्री दीपक भूकर उपस्थित द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पुरवा में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 27, पुलिस विभाग की 20, विकास विभाग की 03, विद्युत विभाग की 03, अन्य विभागों की 04 शिकायतों/ समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस का निस्तारण करते समय आवेदक द्वारा की गई शिकायत का संतुष्टि परक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारकों के नाम का सही अंकन करते हुए योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण कैम्प, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग कैंम्प एवं स्वास्थ्य विभाग कैम्प लगाकर जन समुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा दवाओं का वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील शर्मा, उप जिलाधिकारी पुरवा उदित नारायण सेंगर, तहसीलदार पुरवा साक्षी राय, नायब तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में फिल्म मालिक की हुई शूटिंग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

उन्नाव। रविवार रात को स्टार अभिनेता राजकुमार राव की आगामी फिल्म 'मालिक' की शूटिंग जिला अस्पताल में हुई। इस शूटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ताकि कलाकारों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फिल्म की टीम ने देर रात तक प्रोजेक्टर का उपयोग कर शूटिंग का कार्य पूरा किया। जो कि जिले में फिल्म निर्माण के प्रति बढ़ती रुचि को दशार्ता है।स्थानीय प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शूटिंग स्थल के आसपास बैरिकेड्स लगाए गए थे और कई पुलिसकर्मी तैनात थे, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।इससे पहले की शूटिंग शुरू हुई।स्थानीय अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर सभी आवश्यक अनुमति और प्रोटोकॉल का पालन किया।फिल्म 'मालिक' की कहानी सामाजिक मुद्दों पर आधारित है और इसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। राजकुमार राव, जो कि अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी मौजूदगी ने शूटिंग स्थल पर भीड़ को आकर्षित किया। जिससे स्थानीय लोग भी फिल्म की टीम को देखने के लिए जमा हो गए।जिला अस्पताल के प्रशासन ने बताया- शूटिंग के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने शूटिंग के समय अपनी नियमित सेवाएं जारी रखी। अस्पताल के अधीक्षक ने कहा, ₹हमें गर्व है कि इस तरह की बड़े बजट की फिल्म यहां शूट हो रही है। यह हमारे जिले के लिए एक सकारात्मक संकेत है।₹शूटिंग के दौरान कई स्थानीय लोग इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अस्पताल के बाहर मौजूद रहे। वे राजकुमार राव को देखने के लिए उत्सुक थे और कई ने अपने मोबाइल फोन से उनकी तस्वीरें भी लीं। हालांकि, सुरक्षा कारणों से फिल्म की टीम ने दर्शकों को शूटिंग स्थल के करीब जाने की अनुमति नहीं दी।शूटिंग के दौरान राजकुमार राव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, ₹यह एक अद्भुत अनुभव है। उन्नाव का वातावरण और यहाँ के लोग बहुत अच्छे हैं। हमें यहाँ शूटिंग करके खुशी हो रही है।₹ उन्होंने फिल्म के विषय पर भी कुछ जानकारी साझा की और बताया कि 'मालिक' दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। इस शूटिंग से पहले, फिल्म की टीम ने विभिन्न स्थानों पर शूटिंग की योजना बनाई थी, लेकिन जिला अस्पताल का चयन एक विशेष दृश्य के लिए किया गया था।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, हालत गंभीर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बांगरमऊ, उन्नाव। आवश्यक कार्य से जा रहे बाइक सवार को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिसे गंभीर हालत में बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।बांगरमऊ क्षेत्र के गांव बजरिया निवासी 24 वर्षीय अतेंद्र कुमार पुत्र रजपाल आवश्यक कार्य से बाइक द्वारा जा रहा था तभी रास्ते में गांव सिरधर पुर के निकट उसे एक तेज गति की कार टक्कर मारती हुई चली गई।


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम रेयाज अहमद पिता रईस अहमद अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम रियाज अहमद पिता रईस अहमद निवासी/पता, डॉ गुप्ता गली, सदर मार्ग अंबिकापुर रख लिया हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम रियाज अहमद पिता रईस अहमद से जाना एवं पहचाना जाय ।

शपथ कर्ता
नामः-रियाज अहमद
पताः-डॉ गुप्ता गली, सदर मार्ग अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**राजस्य प्रकरण क्र. /ब-121/2024**

**ईश्तहार**

आवेदक का नाम रामकुमार साहू आ० रंजीत प्रसाद साहु जाति-तेली निवासी ग्राम डबरीपारा.. प.ह.नं. .....तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने पुत्र रितिक कुमार साहू जन्म दिनांक 01/02/2010 का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।जिस पर कार्यवाही प्रांरभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 07.11.024. को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के मध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/24 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील भैयाथान जिला
सूरजपुर (छग)

**न्यायालय तहसीलदार भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**राजस्य प्रकरण क्र. /ब-121/2024**

**ईश्तहार**

आवेदक का नाम रामकुमार साहू आ० रंजीत प्रसाद साहु जाति-तेली निवासी ग्राम डबरीपारा.. प.ह.नं. .....तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने पुत्र गौरव कुमार साहू जन्म दिनांक 01/06/2006 का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।जिस पर कार्यवाही प्रांरभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 07.11.024. को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के मध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/24 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील भैयाथान जिला
सूरजपुर (छग)

**कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

वि.प्र.क/ विशेष विवाह / 2023-24
फार्म-"अ"

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण की जानकारी के लिये यह सार्वजनिक सूचना जारी किया जाता है कि आवेदक सुभाष कुमार आ० खेदु प्रसाद, आयु 27 वर्ष, जाति कोईरी, निवासी वार्ड नम्बर 11, पोस्ट बडहरवाकला, तुरकौलिया, थाना कोटवा, पूर्वी चम्पारण, बिहार 845437 एवं आवेदिका उर्मिला चौधरी पिता भज्जु राम, आयू 19 वर्ष, जाति हरिजन, निवासी ग्राम लहपटरा, थाना व तहसील लखनपुर, जिला सरगुजा, छ०ग० के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत आयशित विवाह की पंजीयन सूचना संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित अभिप्रेत विवाह पंजीयन की सूचना के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई व्यक्ति इस न्यायालय में दिनांक 5/12/2024 को दिन के 11:00 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विशेष विवाह अधिकारी
सरगुजा अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उदघोषणा**

क्रमांक // वाचक-1/व्यपवर्तन/2024
पत्थलगांव, दिनांक 29/10/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम सुरंगपानी प.ह.न. 34, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयाल पिता आत्माराम जाति उरांव निवासी ग्राम सुरंगपानी तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गुरंगपानी प ह नं 34 ख०नं० 248 रकबा 0.951 हे० में से 0.242 हे0 2451.48 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ (पेट्रोल पम्प) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतुमय आवेदित भूमि के नक्शा खसरा, बी एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति राहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है ।उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 20.11.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.10 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०./अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपमाला केशरी पत्नी मनोज केशरी जाति केशरवानी निवासी लखनपुर तहसील लखनपुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नेहरूनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 40/6, 40/12 रकबा 0.005, 0.016 हे० भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 21/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202410020700134/**

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
अंबिकापुर (प ह न. 00015),

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- विनय कुमार तिवारी,

अनावेदक पक्षकार -नीरंती देवी,

**ईश्तहार**

आवेदक विनय कुमार तिवारी आ०स्व० विक्रमादित्य तिवारी निवासी ग्राम बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2147/5, 2148/5 रकबा 0.004, 0.029 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखो में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 30-05-2024 के माध्यम से नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) उदयपुर जिला सरगुजा**

**"ईश्तहार"**

**रा०प्र०क्र०//अ-02/2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पनमेश्वरी पति स्व० रूपसाय जाति बरगाह निवासी ग्राम उदयपुर जिला सरगुजा के द्वारा ग्राम उदयपुर तहसील उदयपुर स्थित अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 280/1 रकबा 0.160 हे० भूमि को कृषि प्रयोजन से भिन्न अन्य आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट अभिलेख एवं ग्राम पंचायत का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांक 28/10/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
उदयपुर, सरगुजा

सम्पादकीय

# घाटी में बढ़ रहे आतंकी हमले चिंता का विषय

जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। जब तक राज्यपाल शासन था, तो वहां के राजनीतिक दल आरोप लगाते थे कि इस केंद्र शासित प्रदेश में चुनी हुई सरकार नहीं है। अब जब राज्य में एक चुनी हुई बहुमत की सरकार है, इसके बाद भी घाटी में आतंकवाद की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। सीएम उमर अब्दुल्ला के शपथ लेने के बाद बड़ी आतंकवादी घटना हुई जिसमें बाहरी कामगार को निशाना बनाया गया। अब आतंकियों ने भरे बाजार में ग्रेनेड हमला कर दहशत फैलाने की कोशिश की। इस हमले एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस बीच सीएम उमर अब्दुल्ला ने अपने पिछले विवादास्पद बयान से हटकर इस बार कहा है कि सुरक्षा तंत्र को आतंकवादी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह काम सुरक्षा बल पहले से कर ही रहे हैं। बड़ी बात है कि कश्मीर के राजनीतिक दलों व नेताओं को कोई ऐसा बयान नहीं देना चाहिए, जिसमें दहशतगर्दों को हवा मिलती हो। एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती व सीएम उमर अब्दुल्ला से अधिक इस बात को कौन जानते होंगे। कश्मीर में आतंकवाद शूल की तरह बड़ी समस्या है, चार दशक से वहां आतंकवाद चल रहा है। डा. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व के समय में यूपीए सरकार के दौरान आतंकवाद को लेकर सरकार का ढुलमुल रवैया रहा, पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार के आने के बाद से आतंकवाद के खिलाफ सामरिक, कूटनीतिक व नीतिगत स्तर पर कठोर रुख अपनाया गया, इससे आतंकवाद पर लगाम लगी, इसका दायरा सिमट कर जम्मू-कश्मीर तक सीमित रहा, पर इसका सफाया नहीं हो सका है। हाल के दो वर्षों में आतंकवादी हमले में वृद्धि हुई है, आतंकवादी जरूर मारे जा रहे हैं, लेकिन हमारे जवान भी शहीद हो रहे हैं। इस वर्ष जून से सितंबर तक जम्मू में 12 आतंकी हमले हुए, इनमें 14 जवानों की शहादत हुई, जबकि 4 आतंकी मारे गए हैं। इस वर्ष दस से अधिक नागरिक मारे जा चुके हैं। 2008 के बाद यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी हमले बढ़े हैं। ऑपरेशन क्लीन को शुरू में अच्छी कामयाबी मिली, पर अभी रफ्तार सुस्त लग रही है। आतंकवादी घटनाएं कश्मीर से अधिक जम्मू संभ्राग में होने लगी हैं। स्थानीय और बाहरी बेकसूर लोग निशाना बनाए जा रहे हैं। सबको पता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को कौन खाद-पानी दे रहा है। घाटी सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। बार-बार मुंह की खाने के बावजूद पाक फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई एलओसी क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देने से बाज नहीं आ रही हैं, आतंकवाद अब ऐसी छद्म जंग बन गया है जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। लश्कर-ए-तैयबा अपनी शाखा 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के जरिये घाटी में दहशतगर्दी को अंजाम दे रहा है। दूसरे कई और नए आतंकी गुट भी सक्रिय हैं। भारत को कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी ही होगी। आतंकवादियों की बदली रणनीति पर निर्णायक फैसला लेने का समय आ गया है। हमला कर आतंकियों के भाग जाने की रणनीति को विफल करना होगा। जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए ऑपरेशन क्लीन जैसे अभियान को व्यापक बनाने की जरूरत है, तकनीक का सहारा लेने और पाक के एस्टब्लिशमेंट व पाक क्षेत्र में मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर लगातार सबक सिखाते रहने की आवश्यकता है। भारत की अपनी रणनीति में आतंक के आकाओं के खात्मे की योजना शामिल करनी होगी।



स्वास्थ्य

राज कुमार सिंह

> सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध और सरकारी निर्देशों को धता बताकर दिवाली पर जम कर पटाखे चलाये जाते हैं। इस बार तो तिथि को लेकर असमंजस के चलते दिवाली दो दिन मनायी गयी। ऐसे में पर्यावरण पर प्रदूषण की मार दो दिन लगातार पड़ी। फिर भी दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 339 तक ही यानि 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही पहुंचा तो उसका श्रेय तेज हवा को दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदूषण छाने के बजाय उड़ गया। फिर जन स्वास्थ्य को जोखिम में डालने का यह आत्मघाती खेल क्यों चल रहा है? पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली-एनसीआर निवासी सर्दियों की आहट के साथ ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं।

# वायु प्रदूषण से लड़ाई में नाकामी

दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को मौसम का आभारी होना चाहिए कि पहले चक्रवात 'दाना' और फिर तेज हवा की बदौलत उनकी दिवाली इस बार पहले जितनी दमघोंटू साबित नहीं हुई, वरना सरकारी तंत्र की नाकामी और समाज की गैर जिम्मेदारी ने तो कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। दिवाली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। लक्ष्मी-गणेश की पूजा से समृद्धि-सद्बुद्धि की आकांक्षाओं का त्योहार है, पर कुछ लोगों को लगता है कि जानलेवा प्रदूषण फैलाने वाली पटाखेबाजी के बिना यह नहीं मनाया जा सकता। सो, सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध और सरकारी निर्देशों को धता बताकर दिवाली पर जम कर पटाखे चलाये जाते हैं। इस बार तो तिथि को लेकर असमंजस के चलते दिवाली दो दिन मनायी गयी। ऐसे में पर्यावरण पर प्रदूषण की मार दो दिन लगातार पड़ी। फिर भी दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 339 तक ही यानि 'बहुत खराब' की श्रेणी में ही पहुंचा तो उसका श्रेय तेज हवा को दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदूषण छाने के बजाय उड़ गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल दिवाली के अगले दिन यह 358 था, जबकि 2022 में 302 व 2021 और 2020 में एक्यूआई क्रमशः 462 और 435 था। वैसे एक नवंबर की सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 362 था, जिसे तेज हवाओं ने कम कर दिया और औसत एक्यूआई 339 बताया गया। दिल्ली के 39 में से 37 निगरानी केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को 'बहुत खराब' बताया।

वैसे हवा थमते ही हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शनिवार को एक्यूआई 400 पार कर गया तो रविवार को 500 के भी पार चला गया। इस साल अपेक्षाकृत बेहतर रहा एक्यूआई भी सेहत के लिए कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि शून्य से 50 एक्यूआई तक की हवा ही 'स्वच्छ' होती है। उसके बाद 51-100 तक 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 एक्यूआई वाली हवा 'गंभीर' श्रेणी में आती है। फिर जन स्वास्थ्य को जोखिम में डालने का यह आत्मघाती खेल क्यों चल रहा है? पिछले लगभग एक दशक से दिल्ली-एनसीआर निवासी सर्दियों की आहट के साथ ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो जाते हैं, पर सत्ताधीशों से कुछ तात्कालिक राहत वाली पाबंदियों और आश्वासनों के सिवाय उन्हें कुछ नहीं मिलता। दिल्लीवासियों को गिने-चुने दिन ही स्वच्छ हवा नसीब होती है, वरना तो वे अस्वास्थकर हवा में ही सांस लेने को अभिशप्त हैं। यही विडंबना एनसीआर के ज्यादातर शहरों में की है। इस साल भी दिवाली के अगले दिन दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गयी। देश का सबसे स्वच्छ शहर बताये जाने वाले इंदौर में तो एक्यूआई 400 पार यानि 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। ये आंकड़े जन स्वास्थ्य के प्रति सरकारी तंत्र की सजगता पर तो सवालिया निशान लगाते ही हैं, समाज को भी कठघरे में खड़ा करते हैं, जो आत्मघाती आचरण से बाज नहीं आता। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेताते रहे हैं कि दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा श्वांस संबंधी रोग बढ़ा रही



है। फेफड़ों में इन्फेक्शन बढ़ रहा है, जिससे कैंसर भी हो सकता है। वायु प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक ही भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। इसके बावजूद दमघोंटू हवा का दोष पराली और पटाखों के सिर मढ़ कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है तो यह संवेदनहीनता और निष्क्रियता की पराकाष्ठा ही है। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इस खतरनाक वायु प्रदूषण के लिए सरकारी तंत्र की नाकामी को जिम्मेदार माना है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में नाकामी पर पंजाब सरकार पर सख्त टिप्पणी की कि उसे खुद को 'असमर्थ' घोषित कर देना चाहिए। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग भी अपनी जिम्मेदारी के निर्वाह में अभी तक तो नाकाम ही नजर आता है।


दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ते ही श्वांस और आंखों संबंधी रोगों के मरीज बढ़ने लगते हैं। डॉक्टर सुबह की सैर बंद करने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह देते हैं। जो आम आदमी दो वक्त की रोटी और परिवार चलाने के लिए ही सुबह से देर रात तक चकरघिन्नी बना रहता है, सुबह की सैर शायद उसकी प्राथमिकता में नहीं है, पर अपने काम-धंधे के लिए तो उसे बाहर निकलना ही पड़ता है। सरकार और डॉक्टर की सलाह मान कर अगर आम आदमी घर में बैठ जाएगा तो उसका परिवार कैसे पलेगा?

सरकारी तंत्र की निष्क्रियता की मार आम आदमी साल-दर-साल झेल रहा है और भविष्य में भी राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दल की सरकारें होने के चलते यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मुद्दा भी बन जाता है, पर कुछ बेहतर करने की कोशिश किसी ओर से नजर नहीं आती। हाल में 23 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की कि शुद्ध हवा न मिलना प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के लोगों के मौलिक अधिकार का हनन है, पर प्रश्न अनुत्तरित है कि इस अधिकार का लगातार हनन करने के जिम्मेदार लोगों को सही मायने में दंडित कौन करेगा? बेशक पराली जलाने से रोकने के लिए सरकारों को किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कुछ व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। वैसा करने के दावे तो बहुत किए जाते हैं, पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों का योगदान अवधि और मात्रा की दृष्टि से सीमित है। इसलिए अन्य स्थायी कारणों का निदान ज्यादा जरूरी है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च पेपर के मुताबिक वायु प्रदूषण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की है। भवन निर्माण आदि से उड़ने वाली धूल 21.5 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है।

फिर भी मेट्रो के धीमे विस्तार के अलावा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र न होने पर निजी यात्री वाहनों के चालान तो बढ़े हैं, पर प्रदूषण फैलाते कॉमर्शियल वाहनों की ऑन द स्पॉट जांच कर चालान की पहल कहीं नजर नहीं आती। नवंबर, 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी कि दिल्ली नरक से भी बदतर हो गयी है, पर लगता नहीं कि उसके बाद भी कुछ बदला है। भविष्य में भी सुधार का दावा कोई नहीं कर सकता, क्योंकि जो वैसा करने में सक्षम हैं, उनके एजेंडा पर तो यह समस्या नजर ही नहीं आती। यह शुतुरमुर्गी रवैया नागरिकों की सेहत के साथ ही दुनिया में देश की साख भी संकट में डाल रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र है। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफी देर हो गया था। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होंने अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होंने फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में

मनोज कुमार सिंह

# विकास के रास्ते पर तेजी से अग्रसर स्वस्थ एवं युवा छत्तीसगढ़

ये तो हर कोई जानता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसके साथ ही ये भी कि इंसान का सबसे बड़ा धन उसका स्वास्थ्य है। आज का युवा छत्तीसगढ़ इस बात को भली भांति समझता है तभी तो 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा छत्तीसगढ़ अपने स्वास्थ्य को लेकर ना सिर्फ सतर्क है बल्कि नई तकनीक को लेकर सजग भी है। स्वास्थ्य को लेकर छत्तीसगढ़ कितना गंभीर है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में स्वास्थ्य का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है और इसकी शुरूआत भी कर दी गयी है। वर्ष 2023-24 में राज्य का स्वास्थ्य बजट 5461 करोड़ रूपए का था जिसमें 38.5 फीसदी का इजाफा करते हुए वर्ष 2024-25 में 7563 करोड़ रूपए कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ जब नवजात था तब वो बीमारियों से घिरा हुआ था। राज्य में मातृ मृत्यु की दर काफी ज्यादा थी। संस्थागत प्रसव न के बराबर था। बस्तर में जितनी मौतें नक्सली मुठभेड़ में नहीं होती थी उससे कहीं ज्यादा मौतें मलेरिया से हो जाती थीं। एंबुलेंस सेवा नहीं होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। हालांकि आज के युवा छत्तीसगढ़ के लिए ये बातें अब पुरानी हो चुकी हैं। वर्ष 2003 मे जहां मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख में 269 थी जो आज घटकर 137 हो गयी है।

नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-3 (2005-06) के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव सिर्फ 15.3 फीसदी था। आज यह लगभग 70 फीसदी का इजाफे के साथ नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) के आंकड़ो के अनुसार 85.7 फीसदी तक पहुंच चुका है। बस्तर में मलेरिया पर अंकुश लग चुका है। वर्ष 2018 की तुलना में आज बस्तर में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आ गयी है। 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा राज्य के लोगों के लिए वाकई संजीवनी साबित हो रही है। पिछले एक साल में ही डायल 108 पर 9 लाख 73 हजार 681 आपातकालीन फोन काल्स आए और इनमें से 3 लाख 4 हजार 847 मरीज लाभांवित हुए।

छत्तीसगढ़ की शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है जिसे आने वाले समय में 10 लाख रूपए तक किए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत 12 सितंबर 2024 तक लगभग 1200 लोगों को 43 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

स्वस्थ छत्तीसगढ़ के लिए यह जरूरी है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था कुशल चिकित्सकों के हाथों में रहे। लेकिन आज से 24 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में सिर्फ एक शासकीय मेडिकल कालेज था जिसमें मात्र 100 एमबीबीएस की सीटें थीं। बीते 24 वर्षों में राज्य में शासकीय मेडिकल कालेजों की संख्या 1 से बढ़कर 10 हो गयी है और एमबीबीएस की सीटें भी बढ़कर 1460 हो गयी हैं। शासकीय मेडिकल कालेजों में 291 स्नातकोत्तर की सीटें भी बढ़ी हैं जिससे राज्य को विशेषज्ञ चिकित्सक मिल रहे हैं। आज का युवा छत्तीसगढ़ सिर्फ अस्पताल की ही बात नहीं कर रहा है बल्कि वो सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की बात कर रहा है। राज्य के पहले डिजिटल बजट में सभी संभाग में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोलने का निर्णय लिया गया है और इसकी शुरूआत भी बिलासपुर से हो चुकी है जिसका लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धनवंतरी दिवस के अवसर पर किया। जल्द ही हम छत्तीसगढ़ में आर्गन ट्रांसप्लांट होते हुए भी देखेंगे।

वो छत्तीसगढ़ जो 1 नवंबर 2000 को जन्म लेते समय बीमारू राज्य का दर्जा रखता था वो आज बीते जमाने की बात हो गयी है। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार ये बात भली भांति समझती है कि भारत की तर्ज पर छत्तीसगढ़ को भी वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाना है तो स्वास्थ्य ही वो पहली कड़ी है जो राज्य को सक्षम और समृद्ध बनाएगा। खुशी की बात ये है कि राज्य की वर्तमान सरकार इस पर लगातार प्रयास कर रही है और इसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

*-लेखक सहायक संचालक, छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग हैं।*

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आयुष्मान योजना पर राजनीति न हो

इस बार की दीपावली देश के हर वर्ग के 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए लगभग पांच लाख का मुफ्त इलाज आयुष्मान योजना के रूप में खुशी की रोशनी लेकर आई है। खास तौर पर गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए केंद्र सरकार की यह योजना वरदान साबित हो सकती है, लेकिन दुख की बात है कि कुछ राजनेता इस योजना पर भी राजनीति कर रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए कि हर राज्य, चाहे वहां किसी भी राजनीतिक दल की सरकार क्यों न हो, को आमजन को इस योजना से मिलने वाले लाभ को मिलजुल कर पहुंचाना चाहिए। अगर किसी राज्य सरकार को इसमें कोई कमी नजर आती है, तो उसे अपने तरीकों से दूर भी करना चाहिए। अगर कोई राजनेता इस योजना पर राजनीति करता है तो वह यह न समझे कि इससे अपनी वोट बैंक की राजनीति में वह कामयाब हो जाएगा। *- संस्कार पटेल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# रूस के साथ खड़ा हुआ उत्तर कोरिया, अमेरिका की चेतावनी

उत्तर कोरिया ने कहा कि वह रूस के साथ उस वक्त तक खड़ा रहेगा, जब तक कि उसे यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल नहीं हो जाती। मॉस्को पहुंचे प्योंगयांग के विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जबकि अमेरिका ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में हजारों उत्तर कोरियाई सैनिक यूक्रेन के साथ जंग में भेजे जा सकते हैं। उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई की मॉस्को यात्रा और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ उनकी मुलाकात पेंटागन के इस बयान के बाद हुई है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए करीब 10,000 सैनिक रूस में तैनात किए हैं। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि कुछ उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में पहुंच चुके हैं। दूसरी तरफ, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने प्योंगयांग से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आग्रह किया है। चोए सोन हुई ने मॉस्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत के बाद कहा, 'हम हमेशा अपने रूसी साथियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे जब तक कि वह जीत नहीं जाते।' उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति को व्लादिमीर पुतिन के 'नेतृत्व' पर कोई संदेह नहीं है, जिन्होंने इस गर्मी में प्योंगयांग के साथ एक पारस्परिक सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए।



## ऑफ बीट

# एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई

एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।



## X ट्रेंड

### हमलों पर जल्द लगे रोक



श्रीनगर के 'संडे मार्केट' में निर्दोष खरीदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। सुरक्षा तंत्र को हमलों की इस तेजी को जल्द से जल्द ख़त्म करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के जीवन जी सकें।

-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### पहला वोट काम के नाम पर



ऐसे बहुत से बच्चे हैं जो दिल्ली के सरकारी स्कूलों से निकलकर अपने उज्जवल भविष्य की तरफ़ बढ़ रहे हैं। वे सभी दिल्ली की शिक्षा क्रांति के सबसे बड़े गवाह हैं। ऐसे सभी युवा वोटरों से मेरी अपील है कि अपना पहला वोट काम के नाम पर दें, हमें और काम करने की शक्ति दें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### आत्ममंथन की जरूरत



घरेलू मैदान पर 3-0 से हारना एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए आत्ममंथन की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या यह मैच अभ्यास की कमी थी?

-सचिन तेंदुलकर, पूर्व क्रिकेटर

### आपका अपना आत्ममूल्य



आपका आत्ममूल्य आपका अपना है। जिस क्षण आप यह देखेंगे कि दूसरों की आंखों में आपका मूल्य झलक रहा है। आप हमेशा संदेह में रहेंगे क्योंकि अन्य लोग केवल आपके प्रति स्वयं के मूल्य की कमी को प्रतिबिंबित कर रहे हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार






# आर माधवन की फिल्म का पहला लुक जारी...

**मुंबई।** आर माधवन ने अपनी फिल्म अधिरष्टसाली का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया है। रविवार को माधवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मुजे अपनी अपमिंग फिल्म का पहला लुक शेयर करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। डायरेक्टर मिथरान जवाहर की ये फिल्म मेरे दिल के काफी करीब रही है और इसे करने का यादगार अनुभव रहा है।' माधवन इस फिल्म में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। माधवन के साथ मैडोना सेबेस्टियन, राडिका सरथकुमार, और साई धंसिका जैसे बड़े एक्टर अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं।

लाइफ Style



# नोरा
## लोग पूछते थे बदले में क्या दोगी?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस और डांसिंग की क्वीन नोरा फतेही ने बॉलीवुड में 10 साल का सफर तय कर लिया है। 2014 में आई फिल्म 'फगली' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली नोरा फतेही ने 10 साल में एक खास मुकाम बनाया है और डांसिंग क्वीन बन गई हैं।

अब तक के करियर में 44 से ज्यादा फिल्में और गाने करने वाली नोरा फतेही ने हाल ही में अपने स्ट्रगलिंग के दिनों को याद किया है। जिसमें नोरा ने बताया कि कैसे लोग उन्हें काम दिलाने का भरोसा देकर फायदा उठाने की फिराक में रहते थे। नोरा ने बताया कि एक फिल्म मेकर ने तो यहां तक कह दिया था कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा, लेकिन इसके बदले मुझे क्या मिलेगा। नोरा फतेही ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। जिसमें उन्होंने अपने स्ट्रगलिंग के दिनों को याद कर कई कहानियां बताई हैं। नोरा बताती हैं, 'जब मैं कनाडा से मुंबई आई तो केवल 22 साल की थी। अगर आज कोई मेरे पास कुछ काम लेकर आता है तो मैं उससे पूछती हूं कि तुम मुझे क्यों काम ऑफर कर रहे हो। तुम्हें मुझसे क्या चहिए। इस दौर में कोई भी किसी के लिए फ्री में कुछ नहीं करता। लेकिन तब ऐसा नहीं था। स्ट्रगलिंड के दिनों में मैं ये मानती थी कि कोई आया है तो इसे भगवान ने मेरे लिए भेजा है। मैंने अपने करियर के शुरुआत में कई बेवकूफ लोगों को फॉलो किया है। उनमें से कई लोगों ने मुझसे सीधे फेवर मांगा। साथ ही कई लोगों ने यहां तक कहा कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कैटरीना कैफ बना दूंगा।

## हॉलीवुड मसाला




# प्रेमिका को गूगल पर करते हैं सर्च...

**लॉस एंजिलिस।** 'स्पाइडर-मैन' फेम टॉम हॉलैंड और उनकी गर्लफ्रेंड के जेंडया के बारे में तो सभी जानते हैं। टॉम को कई मौकों पर जेंडया का विशेष रूप से ख्याल रखते हुए देखा गया है। हाल ही में टॉम ने साझा किया कि जेंडया को कभी-कभी गूगल पर सर्च करते हैं। इसके पीछे कि जो वजह टॉम ने बताई उसने प्रशंसकों को हैरान कर दिया और उनका दिल पिघल गया। रिपोर्ट के अनुसार टॉम ने साझा किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड जेंडया को गूगल पर इसलिए सर्च करते हैं, क्योंकि वह पता लगा सकें कि वह ठीक हैं या नहीं।




# मैं दो अप्रवासी माता-पिता की बेटी हूं ...

**लॉस एंजिलिस।** एलन मस्क ने हाल ही में एक ट्रंप फैन अकाउंट के ट्वीट को री-शेयर करते हुए कार्डी बी पर कटाक्ष किया। अकाउंट ने उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए मिल्वौकी रैली में उपस्थिति के दौरान रैपर की एक क्लिप साझा की थी। इस दौरान कार्डी बी टेलीप्राम्पटर के खराब होने की समस्या से जूझती नजर आईं। इसी ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा, 'एक और ... कठपुतली जो बिना शब्दों के बात भी नहीं कर सकती।' उन्होंने आगे कहा, 'कमला अभियान में कोई प्रामाणिकता या सच्ची सहानुभूति नहीं है।' वहीं, एलन मस्क का यह ट्वीट देख कार्डी बी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने तुरंत इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'मैं कठपुतली नहीं हूं, एलन। मैं दो अप्रवासी माता-पिता की बेटी हूं।



# जान्हवी ने की 'भैया' की तारीफ...

**मुंबई।** हालिया रिलीज रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में फैंस को अर्जुन कपूर का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म में वह पहली बार एक खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में डेंजर लंका के किरदार में नजर आए अर्जुन को लगातार लोगों से तारीफें मिल रही हैं। इस बीच अब उनकी बहन जान्हवी कपूर ने भी उनकी तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट साझा किया है। जान्हवी कपूर ... ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए इमोजी साझा किया है। इसमें उन्होंने फायर इमोजी का उपयोग किया। बता दें कि फिल्म ने दिवाली में नए रिकॉर्ड बनाए, पहले दिन दुनिया भर में 65 करोड़ रुपये की कमाई की।




# कॉमेडी किंग राजपाल का चढ़ गया पारा

**मुंबई।** राजपाल यादव ने बॉलीवुड की 200 से ज्यादा फिल्मों में अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया है। दमदार एक्टिंग, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और एनर्जी से भरपूर एक्टर ने अपने दम पर कॉमेडी किंग का तमगा हासिल किया है। राजपाल यादव फिल्मों के साथ सोशल मीडिया पर भी फैन्स के लिए अक्सर कॉमेडी करते नजर आते रहते हैं। लेकिन हाल ही में राजपाल यादव से एक सवाल पूछा गया, जिसके बाद उनका पारा चढ़ गया। राजपाल यादव ... बीते 2 दिनों से एक वीडियो को लेकर चर्चा में रहे हैं। दरअसल राजपाल यादव ने अपने इंस्टाग्राम पर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पटाखे न जलाने की सलाह दे डाली। लेकिन ये सलाह कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और राजपाल को ट्रोल करने लगे।

## टीवी मसाला

# अपना लिया था इस्लाम, अब धूमधाम से मनाई दीपावली


**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना की दीपावली की खुशियां दोगुनी बढ़ गई हैं। चाहत खन्ना ने इस दिवाली नया घर खरीदा है। चाहत ने यहां अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहली दीपावली मनाई है।



चाहत ने इसकी तस्वीरें भी अपने फैन्स के साथ शेयर की हैं। नए घर में दिवाली पूजा के बाद तस्वीरें पोस्ट करते हुए चाहत ने भी अपने फैन्स को त्योहार की बधाई दी है। पहली शादी के बाद चाहत खन्ना को मुस्लाम लड़के से प्यार हो गया। प्यार के बाद चाहत ने दूसरी शादी रचाई और हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपना लिया। लेकिन दूसरी बार भी उनका रिश्ता नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अपने दूसरे पति को छोड़ते ही चाहत ने घर वापसी की और हिंदू धर्म अपना लिया। अब चाहत ने धूमधाम से दीपावली मनाई है। चाहत खन्ना टीवी की दुनिया की बड़ी एक्ट्रेस हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। चाहत खन्ना को इंस्टाग्राम पर 5 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। चाहत ने 2 बार शादी की और दोनों बार ही उनका तलाक हो गया। चाहत ने अपने दूसरे पति के लिए हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम तक अपना लिया था। लेकिन दूसरी बार तलाक होने के बाद चाहत खन्ना ने वापस हिंदू धर्म में वापसी कर ली।

## जब 'साराभाई वर्सेज साराभाई' के लिए संशय में रहीं रूपाली

**मुंबई।** 'साराभाई वर्सेज साराभाई' टीवी का सबसे पसंदीदा टीवी शो में से एक रहा है। देवेन भोजानी के इस शो को लोगों से काफी ज्याद प्यार मिला है। इस शो के दो सीजन आ चुके हैं, जिसे इसके लेखन और अभिनेताओं के प्रदर्शन के लिए पसंद किया जाता रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, शो के लेखक आतिश कपाड़िया ने सिटकॉम की कास्टिंग प्रक्रिया को याद किया। उन्होंने बताया कि सबसे मुश्किल कास्टिंग रूपाली गांगुली की थी, क्योंकि अभिनेता मोनिशा की भूमिका निभाने को लेकर संशय में थे। बातचीत में, लेखक और निर्देशक आतिश कपाड़िया ने बताया कि उन्होंने इस शो के लिए पांच कलाकारों को कैसे चुना। लेखक ने बताया कि उन्होंने साराभाई वर्सेज साराभाई के लिए पांच मुख्य अभिनेताओं को कैसे चुना। उन्होंने खुलासा किया कि वह सिटकॉम में सतीश शाह, रत्ना पाठक शाह, सुमीत राघवन, राजेश कुमार और रूपाली गांगुली को चाहते थे। उन्होंने कहा, "ये जो पाँचो किरदार हैं, उनके लिए मैंने, बहुत साफ़ तौर पर बोल दिया था।



# तलाक के बाद भी रत्तीभर नहीं घटा प्यार....

**मुंबई।** आमिर खान इकलौते ऐसे सुपरस्टार हैं जिनके नाम बॉलीवुड इतिहास की सबसे कमाऊ मूवी का रिकॉर्ड दर्ज है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से पहचाने जाने वाले आमिर खान साल में 1 ही फिल्म करते हैं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा देते हैं। हाल ही में आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव ने आमिर खान की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वे क्रिएटिव लोगों में सबसे बेहतरीन इंसान हैं। आमिर खान की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। किरण राव हाल ही में करीना कपूर के पॉडकास्ट शो औरतें क्या चाहती हैं? में पहुंची थीं। यहां किरण राव ने आमिर खान के बारे में खुलकर बात की। किरण राव ने बताया, 'एक बार जब आमिर को कोई चीज पसंद आ जाती है, तो वह पूरी तरह से उसके पीछे लग जाते हैं। वह 100 प्रतिशत इंसान हैं। यदि उसे यह पसंद नहीं है, तो वह वास्तव में ईमानदार है, लेकिन यदि उसे कुछ पसंद है, तो वह वास्तव में इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। वह सचमुच उन शानदार लोगों में से एक हैं जिनके साथ आप एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में काम कर सकते हैं।'





# लगातार 11 फ्लॉप के बाद बना विलेन, फिल्म सुपरहिट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर लंबे समय से बॉक्स ऑफिस पर स्ट्रगल कर रहे थे। लगातार 11 से ज्यादा फ्लॉप फिल्में देने के बाद अर्जुन कपूर के करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। तभी उनके हाथ एक नेगेटिव किरदार लग गया और खलनायकी का ये फॉर्मूला एक बार फिर से काम कर गया। अर्जुन कपूर की खलनायकी उनके करियर के लिए खुशखबरी लेकर आई है। अब विलेन बनते ही अर्जुन कपूर की फिल्म हिट हो गई है। अर्जुन कपूर ने 2012 में फिल्म 'इशकजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। डेब्यू फिल्म तो हिट रही लेकिन उसके बाद काफी फ्लॉप्स का सामना करना पड़ा। डेब्यू के बाद उनकी दूसरी फिल्म 'औरंगजेब' 2013 में रिलीज हुई और फ्लॉप हो गई। इसके बाद गुंडे सेमी हिट रही और टू स्टेट्स सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद फाइंडिंग फैनी, तेवर जैसी फिल्में बुरी तरह पिट गईं। 2016 में आई फिल्म की एंड का सेमी हिट रही थी। इसके बाद से अर्जुन कपूर की लगातार 11 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं। अब अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन में विलेन का किरदार निभाया है। विलेन बनते ही अर्जुन कपूर की फिल्म भी हिट होने की ओर बढ़ रहा है।

## सितारों ने अभिनय और काबिलियत के दम पर पाया यह मुकाम

# मायानगरी में छाए ये गांव की मिट्टी के अनमोल रत्न


***मुंबई।** मनोरंजन की चकाचौंध दुनिया सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है। ग्लैमर वर्ल्ड को देख ज्यादातर लोग अपने सपने को साकार करने मायानगरी मुंबई पहुंचते हैं। अपनी काबिलियत और हुनर के दम पर इंडस्ट्री में अपनी पहचान और जगह बनाने के लिए वे लोग जद्दोजहद करते हैं। उनमें से कुछ की मेहनत रंग लाती है और किस्मत साथ देती है तो वे फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम हासिल कर लेते हैं। बॉलीवुड में राज करने वाले कुछ सितारे ऐसे ही हैं, जो छोटे शहरों और कस्बे से निकलकर मुंबई पहुंचे। अपने दमदार अभिनय के दम पर वह आज करोड़ो लोगों के दिलों पर राज करते हैं। चलिए जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो गांव की मिट्टी से निकलकर बॉलीवुड में छाए...*



**पंकज त्रिपाठी :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है पंकज त्रिपाठी का। 'मिर्जापुर के कालीन भईया' की तो दुनिया दीवानी है। बिहार के गोपालगंज जिला के बेलसंड गांव से आने वाले पंकज त्रिपाठी बॉलीवुड में लंबे वक्त से काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्मी दुनिया की चमक-धमक भी पंकज त्रिपाठी को बदल नहीं पाई है और यही उनकी खासियत है। पंकज त्रिपाठी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब भाता है।



**मनोज बाजपेयी :** इस लिस्ट में अगला नाम आता है मनोज बाजपेयी का। बॉलीवुड के प्रतिभाशाली अभिनेता की लिस्ट में मनोज का नाम जरूर शामिल किया जाता है। बिहार के छोटे से गांव बेलवा के रहने वाले मनोज की एक्टिंग की कायल पूरी दुनिया है, लेकिन उन्होंने यह कामयाबी रातों रात नहीं मिली। इस कामयाबी के लिए उन्होंने कई साल तक काफी संघर्ष किया है।



**कंगना रनौत :** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। कंगना हिमाचल प्रदेश के छोटे से टाउन भांबला की रहने वाली हैं। फिल्मों में काम करने के लिए उन्होंने पहले अपने परिवार वालों से संघर्ष किया और बाद में फिल्म इंडस्ट्री में भी उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, आज कंगना ने मेहनत के दम पर बॉलीवुड में राज कर रही हैं और वह तीन नेशनल अवॉर्ड भी जीत चुकी हैं।




**जयदीप अहलावत :** जयदीप अहलावत भी छोटे से गांव से ही ताल्लुक रखते हैं। उनका गांव भले ही छोटा हो, लेकिन अभिनय के मामले में जयदीप का कद बहुत बड़ा है। 'पाताल लोक' में काम करने के बाद जयदीप की फैन फॉलोइंग में जबर्दस्त इजाफा हो चुका है। हालांकि, इस कामयाबी को पाने के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया है।



**विद्या बालन :** विद्या बालन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। विद्या उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो अपने दम पर किसी फिल्म को हिट करवा सकती हैं। उन्होंने बहुत सी हिट फिल्मों में काम कर सबका दिल जीता है। विद्या बालन केरल के पलक्कड़ जिले के पुथुर नाम के गांव में जन्मी थीं। वहां से बॉलीवुड तक विद्या बालन ने अपने दम पर ही पहचान बनाई है।



**नवाजुद्दीन सिद्दीकी :** नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए हैं। नवाजुद्दीन बॉलीवुड के उन कलाकारों में से एक हैं, जिनकी एक्टिंग का लोहा बड़े-बड़े सितारे मानते हैं। सलमान से लेकर शाहरुख और आमिर तक उनकी प्रतिभा की सराहना कर चुके हैं। नवाज भी उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे से ताल्लुक रखते हैं। नवाज ने बॉलीवुड में यह मुकाम हासिल करने के लिए बहुत लंबा संघर्ष किया है। गुजारा करने के लिए वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी कर चुके हैं।



**संजय मिश्रा :** बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा का जन्म बिहार के दरभंगा के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रतिभा और दृढ संकल्प के दम पर खुद को एक बेहतरीन एक्टर के रूप में स्थापित किया है। फिल्म इंडस्ट्री में उनका भी कोई जानकार नहीं था।




**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। रणदीप हुड्डा का जन्म हरियाणा के रोहतक में हुआ था। डॉक्टर परिवार में जन्में रणदीप हुड्डा बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई मेलबर्न यूनिवर्सिटी से कर चुके हैं।

# झारखंड के रण में पीएम मोदी, विपक्ष पर किया बड़ा वार, निशाने पर हेमंत सोरेन सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के चाईबासा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। चाईबासा में अपनी सार्वजनिक रैली के दौरान झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन और अन्य भाजपा नेताओं ने मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की ये भूमि, जनजातीय गौरव, जनजा ?तीय मान-मयार्दा की साक्षी रही है। ये माटी उस आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है, जिसने भारत की आजादी, भारत की संस्कृति और विरासत की रक्षा की है। इस धरा ने भगवान बिरसा मुंडा, चांद भैरव, तिलका मांझी, नीलाम्बर-पीताम्बर, सिदो-कान्हू जैसे अनगिनत वीरों को जन्म दिया है।




मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि कैसे कोल्हान ने अत्याचारी अंग्रेजी सेना को टक्कर दी थी, आज फिर कोल्हान ने जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। जो सालों साल नहीं हुआ वो इस साल होने जा रहा है। इस चाईबासा की विशाल रैली का संदेश भी यही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए, आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब पहली बार भाजपा सरकार बनी और दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी जी को सेवा करने का अवसर मिला, तब जाकर आदिवासी समाज को अलग राज्य मिले। छत्तीसगढ़ और झारखंड ये दो राज्य बनाने का सौभाग्य भाजपा को ही मिला है। उन्होंने कहा कि 80 के दशक में जब बिहार और दिल्ली दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी, झारखंड तब अलग नहीं हुआ था, ये बिहार का हिस्सा था। तब क्या हुआ था। अपने माता-पिता, दादा-दादी से पूछिए, उनको गुआ गोली कांड जरूर याद होगा। जिस तरह की बर्बरता अंग्रेजों ने की थी, वैसी ही बर्बरता यहां कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों का खून बहा कर की थी। विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि यहां कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था। हमारे वो आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे, वो अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे। उस समय आरजेडी के नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। आपके सपनों से इतनी नफरत है इन लोगों को। जो आरजेडी, झारखंड बनाने को सहमत नहीं था, आज जेएमएम उस आरजेडी की गोद में बैठ गई है।

## राहुल गांधी यूपी आयेंगे लेकिन अखिलेश के प्रत्याशियों के लिये वोट नहीं मांगेंगे

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों के लिये उपचुनाव की तारीखें करीब आ रही हैं। बीजेपी और सपा दोनों की ही तरफ से जीत के बड़े-बड़े दावे किये जा रहे हैं। वहीं बसपा भी एक बार फिर से उम्मीद की किरण जगाये हुए है, लेकिन ऐन चुनाव से पहले रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे से समाजवादी पार्टी के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार 05 नवंबर को रायबरेली आ रहे हैं, परंतु वह उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिये कोई जनसभा नहीं करेंगे। कांग्रेस आलाकमान द्वारा राहुल के इस दौरे को फिलहाल उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव से अलग रखा जा रहा है। यह बात समाजवादी पार्टी को रास नहीं आ रही है। उसे लगता है कि इससे फील्ड में सपा प्रत्याशियों के खिलाफ मैसेज जायेगा।

## झारखंड से चुनावी दौरे का आगाज करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। सीएम योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी। वे यहां तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तीसरी जनसभा में सीएम योगी चार प्रत्याशियों के लिए एक साथ वोट मांगेंगे।

### सीएम योगी की कोडरमा में होगी पहली जनसभा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा मंगलवार को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा उम्मीदवार डॉ. नीरा यादव के पक्ष में सीएम योगी चंद्रावती स्कूल ग्राउंड, डोमचांच में वोट मांगेंगे। सीएम योगी की दूसरी जनसभा बरकागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार के लिए होगी। भाजपा ने यहां से रोशन लाल चौधरी को टिकट दिया है।

### तीसरी जनसभा में चार प्रत्याशियों के लिए मांगेंगे वोट

सीएम योगी की तीसरी जनसभा आमबागान ग्राउंड जमशेदपुर में होगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, जमेशदपुर पश्चिमी से प्रत्याशी सरयू रॉय, पोटका से उम्मीदवार मीरा मुंडा और जुगसलाई से उम्मीदवार रामचंद्र सहिस के पक्ष में वोट मांगकर कमल पर बटन दबाने की अपील करेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

## उत्तर प्रदेश, केरल और पंजाब में टला उपचुनाव!

### अब 13 नवंबर नहीं, 20 तारीख को डाले जाएंगे वोट

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत में त्योहारी सीजन के बीच, चुनाव आयोग ने सोमवार को केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के पुनर्निर्धारण की घोषणा की। मूल रूप से 13 नवंबर के लिए निर्धारित चुनाव को 20 नवंबर को स्थानांतरित कर दिया गया है। यह बदलाव कांग्रेस, भाजपा, बसपा और रालोद सहित प्रमुख राजनीतिक दलों की अपील के बाद आया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रीय त्योहारों के कारण संभावित कम मतदान से बचना है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों की तारीख त्योहारों के कारण 13 नवंबर से बढ़ाकर 20 नवंबर की। इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीट में से नौ सीट पर होने वाले उपचुनाव की घोषणा की थी। यूपी में कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिजार्पुर की मझवां, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट सीट शामिल है।

## भाजपा ने वायनाड में भूस्खलन की घटना का राजनीतिकरण किया : प्रियंका गांधी

एजेंसी




वायनाड। कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस साल जुलाई में हुई भूस्खलन की घटना का राजनीतिकरण किया। चुनाव प्रचार के दूसरे दिन की शुरूआत करते हुए उन्होंने सुल्तान बाथरी विधानसभा क्षेत्र के केनिचिरा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जिस आपदा से लोगों को भारी पीड़ा हुई, उसका भी भाजपा ने राजनीतिकरण कर दिया...हम एक ऐसी जगह पर खड़े हैं, जहां आपको अपने देश, अपनी जरूरतों और आप जिस तरह की राजनीति चाहते हैं, उसके बारे में सोचना चाहिए।

भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि पूरे देश में नफरत फैला रही भाजपा की राजनीति की पहचान क्रोध, विभाजन और बबार्दी है। उन्होंने कहा कि लोगों के समक्ष खड़े वास्तविक मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी समस्याएं अनसुलझी हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बेरोजगारी अब तक के उच्चतम स्तर पर है और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिनके रुकने का कोई संकेत नहीं है।

प्रियंका गांधी ने कहा, राजनीति इन मुद्दों को हल करने पर केंद्रित नहीं है। भाजपा की राजनीति का उद्देश्य पूरी तरह से आपका अपनी समस्याओं से ध्यान भटकाना है, क्योंकि इसका एकमात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है, चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भूस्खलन से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आवश्यक सहायता राशि देने में विफल रहने का भी आरोप लगाया।

प्रियंका गांधी ने कहा, यदि आप मुझे संसद में अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका देते हैं, तो मैं आपको दिखाऊंगी कि आपके लिए किसी और की तुलना में मैं अधिक मेहनत कर सकती हूं। मैं आपके मुद्दों को हर जगह उठाऊंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी और राज्य और केंद्र दोनों सरकारों पर दबाव डालूंगी। कांग्रेस नेता ने रविवार को अपने दूसरे चरण का चुनाव प्रचार फिर से शुरू किया और अपने भाई राहुल गांधी के साथ वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में जनसभाएं और नुक्कड़ सभाएं कीं। राहुल गांधी के इस्तीफा देने के कारण वायनाड सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने इस साल हुए आम चुनाव में वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी।

**संक्षिप्त समाचार**

## ममता सरकार पर लगे बड़े आरोप

### पहली बार कैमरे पर बोला संजय रॉय– मुझे फंसाया गया, 11 नवंबर से शुरू होगी कोर्ट की सुनवाई

संवाददाता

कोलकाता, कोलकाता की अदालत ने 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सोमवार को आरोप तय किए, जबकि आरोपी ने दावा किया कि वास्तविक दोषियों को बचाने के लिए उसे फंसाया जा रहा है। मामला। पीड़िता के पिता के वकील सौतिक बनर्जी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। सुनवाई 11 नवंबर से शुरू होगी। इस क्रूर बलात्कार और हत्या से देश भर में हंगामा मच गया था। कोलकाता पुलिस से जुड़े एक नागरिक स्वयंसेवक रॉय को अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। संघीय एजेंसी ने 7 अक्टूबर को मामले में अपना पहला आरोप पत्र दाखिल किया। घटना का विवरण कैमरे पर रिकॉर्ड किया जाएगा। सीबीआई ने अपने 45 पन्नों के आरोप पत्र में कहा कि रॉय के खिलाफ कम से कम 11 सबूत हैं। सूची में सीसीटीवी फुटेज, डीएनए नमूने, खून के धब्बे और बाल शामिल थे, जैसा कि एचटी ने पहले बताया था। रॉय ने मीडिया से कहा कि मैं निर्दोष हूं। वास्तविक दोषियों को बचाने के लिए मुझे फंसाया जा रहा है। मैं इतने दिनों तक चुप रहा. मुझसे कुछ भी न बोलने के लिए कहा जा रहा है. मुझे निर्देशित किया जा रहा है कि क्या कहना है। मैंने अदालत को बताया कि मैंने कुछ नहीं किया है लेकिन मेरी बात नहीं सुनी गई।

## उपचुनावों की तारीख में बदलाव पर अखिलेश यादव ने कसा भाजपा पर तंज

### टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे...

संवाददाता

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख आगे बढ़ा दिया गया है। हालांकि, यह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पसंद नहीं आ रहा है। तभी उन्होंने भाजपा पर तंज कस दिया है। उन्होंने कहा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे। अखिलेश ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भाजपा इतनी कमजोर कभी न थी। उन्होंने कहा कि दरअसल बात ये है कि उप्र में ह्यमहा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर उप्र आए हुए हैं, और उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए वोट डालनेवाले थे।



सपा नेता ने आगे लिखा कि जैसे ही भाजपा को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खत्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। ये भाजपा की पुरानी चाल हैः हारेंगे तो टालेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, चुनाव की तारीख बदलने की मांग इसलिए की गई क्योंकि यह तारीख हिंदू त्योहार के साथ मेल खा रही थी। शुक्ला ने कहा, समाजवादी पार्टी को हर चीज में राजनीति करनी है, खासकर इस मामले में क्योंकि उन्हें बहुसंख्यक भावना की चिंता कम वोट बैंक की चिंता ज्यादा है। कांग्रेस, भाजपा, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) समेत कई दलों ने निर्वाचन आयोग से विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर चुनाव पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया था।

राजनीतिक पार्टियों ने आयोग से कहा था कि इससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है। भाजपा, बसपा और रालोद ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में लोग कार्तिक पूर्णिमा से तीन-चार दिन पहले यात्रा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को मनाई जाएगी। उप्र की कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) समेत नौ विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना था।

## उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु हृदय विदारकः राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि यह खबर हृदय विदारक है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में आज एक निजी बस गहरी खाई में गिर गई जिससे इसमें सवार कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, 43 सीट वाली बस अल्मोड़ा के मारचूला इलाके में 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई जिसमें लगभग 60 लोग सवार थे। राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## छठ पूजा के कारण ट्रेनों में महाभीड़, स्पेशल ट्रेनें भी पड़ रही कम

### दरवाजे से लटक कर यात्रा करने को मजबूर लोग

एजेंसी

नई दिल्ली, दिवाली खत्म हो चुका है। ऐसे में अब बिहार और पूर्वांचल के लोग छठ पर्व के लिए गृह राज्य की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। यही कारण है कि ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। रेलवे की ओर से तमाम इंतजाम किए गए हैं। लेकिन यह इंतजाम कम पड़ रहे हैं। ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ हो रही है। भीड़ की वजह से यात्रियों का सफर मुश्किलों भरा है। रेलवे की ओर से तमाम इंतजाम किए जाने के दावे हो रहे हैं। लेकिन यह सच है कि शौचालय में भी लोग सफर करने को मजबूर है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि रेलवे की ओर से त्योहारी मौसम को देखते हुए 7000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने के ऐलान किए गए हैं। लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहे हैं।

दिल्ली, सूरत, मुंबई, चेन्नई, पंजाब की ओर से बिहार जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है। क्या जनरल, क्या स्लीपर, क्या एसी, क्या फर्स्ट एसी, सभी में जबरदस्त भीड़ है। जनरल और स्लीपर बोगी के तो हालात ऐसे हैं कि उसमें एक चींटी के लिए भी स्थान निकल पाना मुश्किल होगा। यात्री खिड़की और दरवाजे पर लटक कर यात्रा करने को मजबूर है। हालांकि रेलवे की ओर से उन्हें बार-बार समझाने की कोशिश हो रही है। लेकिन यह काम करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। हर साल छठ पूजा के दौरान इस तरह की स्थिति दिखाई पड़ती है। हर साल रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेन चलाने की बात की जाती है। लेकिन स्थिति हर साल एक जैसी ही होती है। यात्रियों की भीड़ से रेलवे प्रशासन के इंतजाम कम पड़ जाते हैं।

इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्योहारी सीजन के दौरान यात्री सुविधाओं और यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के लिए नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। प्लेटफॉर्म पर अपनी रेलगाड़ियों का इंतजार कर रहे कुछ यात्रियों से बात करने के बाद वैष्णव ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेल अधिकारियों द्वारा भीड़ प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया। कुछ यात्रियों ने यह भी कहा कि उचित भीड़ प्रबंधन के कारण उन्हें प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं हुई। वैष्णव ने पत्रकारों से बात करते हुए सुगम यात्रा अनुभव के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की।

## ना पंडित, ना कोई मंत्र, बस सच्ची आस्था और समर्पण...

### पूरी तरह प्रकृति को समर्पित है छठ महापर्व

एजेंसी

नई दिल्ली, मंगलवार से छठ महापर्व की शुरूआत होने वाली है। यह पूरी तरीके से प्राकृतिक को समर्पित महापर्व है जहां लोगों की आस्था सूर्य को समर्पित है। उगते सूर्य की तो हर कोई पूजा करता है, लेकिन छठ महापर्व में डूबते सूर्य की पूजा की जाती है। इस महापर्व में स्वच्छता और शांति का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। साथ ही साथ प्रसाद के रूप में जो कुछ भी होता है, वह पूरी तरीके से प्रकृति पर आधारित है। इसमें बाजार का सामान शामिल नहीं होता है। यह वैसा पर्व है जहां किसी पंडित की जरूरत नहीं, कोई मंत्र की जरूरत नहीं, जरूरत सिर्फ है तो सच्ची आस्था और समर्पण की। यहां हर भेदभाव मिट जाता है। एक ही घाट पर हर समाज और वर्ग से आने वाले लोग अर्घ्य देते हैं। अर्घ्य भी जल में खड़े होकर दिया जाता है।



सम्मान सबका बराबर है, सबकी आस्था बराबर है, सबका प्रसाद भी बराबर है। अर्घ्य के लिए जब पूरा गांव एक कतार छठ घाट के लिए निकलता हैं तो उसकी रौनक अलग ही होती है। यहां सभी एक सा लगते हैं। किसी में कोई बनावटी नहीं होता है। सब भगवान सूर्य और छठी माई की आस्था में शराबोर होते हैं। यहां पूजा करने का तरीका एक है। आप कितने भी बड़े आदमी क्यों ना हो, आपके टोकरी में भी वही ठेकुआ और फल होंगे जो किसी गरीब की टोकरी में होंगे। यही कारण है कि यह महापर्व अपने आप में सबसे अलग, सबसे अनूठा है।

छठी माई और भगवान भास्कर के लिए जो कुछ भी प्रसाद में मिलता है या बनता है, वह सभी प्रकृति से उपजे हुए हैं। अगर हम नहाए खाए से शुरू करें तो कहीं ना कहीं इस दिन कद्दू भात खाने का चलन है। यानी कि कद्दू की सब्जी जो कहीं से बनावटी नहीं है। यह सीधे खेतों से में उगता है और घर तक पहुंच जाता है। चावल जिसे भात भी बोलते हैं, यह भी पूरी तरीके से प्रकृति पर आधारित है। यहां कोई बनावटी या मिलावटी नहीं है।

इसी तरह खरना के दिन शुद्ध गेहूं के आटे की रोटी, गाय का घी और गुड़ तथा चावल में तैयार किया गया खीर कई सालों से हमारी परंपरा के हिस्सा रहे हैं। इसे मिट्टी के चूल्हे पर बनाया जाता है। साथ ही साथ जलावन के रूप में गाय के गोबर के उपले और आम की लकड़ी का प्रयोग होता है। यह पूरी तरीके से हमारी प्रकृतिक प्रेम को दशार्ता है यहां भी कुछ भी बाजारी सामान नहीं है। तीसरे दिन जब अर्घ्य की तैयारी होती है तो उस दिन भी हमें पूरी तरीके से प्राकृतिक पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

छठी माई या सूर्य देवता के लिए जो अर्घ्य में सामान रखे जाते हैं, वह फल-फलहरी होता है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ स्टेडियम ग्राउंड में मना राज्योत्सव

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की देन है छत्तीसगढ़ प्रदेश, हम सबको मिलकर इसे संवारना है : भैयालाल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को यहां जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि 01 नवंबर 2000 को 26 वां राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्यप्रदेश राज्य को विभाजित करके किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सूरजपुर के जिलेवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छत्तीसगढ़ का निवासी होने पर गर्व की अनुभूति की।कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने उपस्थित जनों को छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है और जो हमने बनाया है उसे हम सबको संवारना भी है। छत्तीसगढ़ बनने से क्षेत्र का अथाह विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ खनिज, वन संपदा के साथ साथ सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य है और इसके साथ ही वैभवशाली लोक परम्परा और जनजाति व संस्कृति से सजा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### विकास का नया अध्याय लिखने का लें संकल्प-भूलन

प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ 24 साल का हो गया है यह हमारे लिए बड़ी खुशी की बात है। उन्होंने वर्ष 2000 से लेकर अब तक के छत्तीसगढ़ में किए गए विकास कार्यों को उल्लेखित किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी प्रदेश को आगे ले जाने और विकास का नया अध्याय लिखने का संकल्प लें।



### छत्तीसगढ़ कर रहा है निरन्तर विकास-शकुंतला

कार्यक्रम में श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थी। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ निरंतर विकास कर रहा है और इसी प्रकार विकास करते हुए यह राज्य नित नए कीर्तिमान रचेगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी का छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ विकास की रह में अग्रसर है।

### प्रदेश के विकास हेतु शासन लगातार उठा रहा कदम-रामसेवक

पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित किया।उन्होंने कहा आज छत्तीसगढ़ ने अपना 24 वर्ष का सफर तय किया है।छत्तीसगढ़ के निर्माण में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का महत्वपूर्ण योगदान है। वही विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का छत्तीसगढ़ के विकास में अद्वितीय योगदान है। जिला सूरजपुर भी विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की देन है। जहां पहले दुरस्थ अंचल क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के लिये एक लंबा सफर तय करना पड़ता था वो आज घंटों में तय हो रहा है। विकास निरंतर प्रक्रिया है और आप सभी की सहभागिता आवश्यक है। शासन लगातार ऐसे कदम उठा रहा है जिससे छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा।

### सौपी गई खुशियों की चाभी, जनकल्याणकारी योजनाओं के लगे स्टाल

इस अवसर पर पीएम आवास योजना अंतर्गत खुशियों की चाबी, सिकल सेल कार्ड , ऋण अनुदान की राशि, मत्स्य जाल वितरण, एन आर एल एम की ओर से महिला समूह को बैंक लिंकेज हेतु राशि प्रदान की गई है। राज्योत्सव अंतर्गत स्थानीय, विद्यालय व महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुति, पारंपरिक नृत्य समूह द्वारा गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति एवं शिव पार्वती नृत्य, मयूर नृत्य इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैकुठपुर विधायक भैयालाल रजवाड़े, विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुंतला पोर्ते, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा , कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विष्णु के सुशासन अंतर्गत छत्तीसगढ़ में समाज के हर वर्ग के लोगों के हित के लिए किए जा रहे योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के क्रियान्वयन पर आधारित प्रदर्शनी और ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। पशुधन विकास विभाग , कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, मत्स्य विभाग और उद्यानिकी विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस स्टॉल के माध्यम से मुर्गी पालन, पशुधन विकास, मत्स्य संपदा योजना , समन्वित कृषि प्रणाली सहित कृषि उन्नति के विभिन्न योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि की तकनीकों के संबंध में हितग्राहियों को जानकारी मुहैया कराई गई। इस अवसर पर आधुनिक कृषि यंत्रों , विद्युत पंपों , रासायनिक उर्वरकों ,उन्नत बीजों और धान के विविध किस्मों का प्रदर्शन भी किया गया।

समाज कल्याण और महिला बाल विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाई गई थी जिसमें समाज कल्याण द्वारा दिव्यांगों के लिए प्रदान किए जाने वाले यंत्रों, ट्राइसाइकिल का प्रदर्शन किया गया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत पोषण प्रदर्शन केंद्र के रूप में पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का एवं सुकन्या समृद्धि और महतारी वंदन योजना का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले हितग्राहियों को पासबुक मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में चलाई जा रही योजनाओं पर आधारित स्टॉल का प्रदर्शन किया गया। इसमें कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा मनोरंजन के लिए कबाड़ से बनाए खेल के साधन, मक्के के ठूंठ, खोइया से बनाए गए प्लाई बोर्ड, कवक से बनाए गए जैविक ईट का प्रदर्शन किया गया। साथ ही स्टॉल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भी प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य और आयुष विभाग द्वारा लगाई गए स्टॉल में एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान पंजीयन और चिकित्सा सुविधा के साथ शासकीय योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। स्टॉल में आयुष विभाग अंतर्गत विभिन्न औषधियों का भी प्रदर्शन किया गया। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा लगाई गए स्टॉल में धन्वंतरि योजना , कंपोस्ट निर्माण, पीएम आवास योजना, कबाड़ से जुगाड़ और स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी।

इसके अलावा आदिवासी विकास विभाग, जलसंसाधन विभाग, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, सीएस पीडीसीएल एवं क्र?ड़ा विभाग, पुलिस विभाग , एस ई सी एल बिश्रामपुर, जिला अग्रणी बैंक और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ पर आधारित स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के के अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश महलवाला, शशिकान्त गर्ग, अजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से ग्रामीण की



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सीतापुर।** धान मिसाई के दौरान थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से 40 वर्षीय ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई।उक्त घटना के दौरान मृतक शराब के नशे में धुत था। इस हादसे में मृतक का शव बुरी तरह से क्षत विक्षत हो गया है।घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुँच गई है।

उक्त घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे पुटुकेला तेलाइधार की है।जहाँ किसान मुकेश आ करिया बैगा के खलिहान में थ्रेसर मशीन से धान की मिसाई हो रही थी तभी दोपहर के दो बजे वहाँ शराब के नशे में धुत महेश्वर उर्फ मजाना आ नुकसाय वहाँ पहुँचा। जहाँ उसने थ्रेसर से धान मिसाई कर रहे लोगो को बोला कि तुम्हे धान मिसाई करना नही आता। मैं तुम लोगों को थ्रेसर मशीन से धान मिसाई कैसे होता है करके दिखाता हुँ। इतना बोलते ही वो थ्रेसर मशीन से सटकर खड़े धान की फसल से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के ऊपर चढ़ गया। जैसे ही उसने ट्रॉली से धान की फसल थ्रेसर मशीन में डाला उसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वो धान की फसल समेत थ्रेसर मशीन के अंदर जा समाया।वहाँ मौजूद लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही थ्रेसर मशीन ने उसे पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था।जब तक लोग थ्रेसर मशीन बंद कर पाते मृतक का शरीर कई टुकड़ों में बंट चुका था। उसका पूरा शरीर पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया था।इस घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख मौके पर पहुँचे। जहाँ लोगो के सहयोग से बड़ी मशक्कत के बाद मृतक का शरीर थ्रेसर मशीन से बाहर निकाला गया। थ्रेसर मशीन से बाहर निकालने के बाद मृतक का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। जहाँ सुबह उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा।

इस संबंध में थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है।घटना की वजह जानने पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

# अपना हक पाने के लिए सभी को सामाजिक रूप से एकजुट होने की है जरूरत : सुखदेव मुनी

## कोइरी कुशवाहा समाज के संभागीय चुनाव में सुखदेव चुने गए अध्यक्ष

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कुशवाहा कोइरी समाज का संभागीय चुनाव जिले के ग्राम लटोरी स्थित माँ काली मंदिर आश्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष उग्रसेन कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में सूरजपुर, कोरिया और जिला सरगुजा के समस्त कुशवाहा बंधु, पदाधिकारी और सदस्यों की भागीदारी रही।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुखदेव मुनि को निर्विरोध संभागीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया। वहीं कोरिया जिले से संपत कुशवाहा और सूरजपुर जिले से सीताराम कुशवाहा को संभागीय उपाध्यक्ष चुना गया। राम सकल कुशवाहा को भी इस कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। इसके साथ ही, सलाहकार के रूप में शीतला प्रसाद कुशवाहा और विजेंद्र प्रसाद कुशवाहा का नाम लिया गया है। अन्य पदाधिकारियों का गठन अति शीघ्र किया जाएगा। चुनाव में उपस्थित लोगों में सूरजपुर से जिलाध्यक्ष संलित कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वसंत कुशवाहा, जवाहर कुशवाहा, परिक्षेत्र अधिकारी रामनारायण कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, रामदेव पटेल, हरिहर कुशवाहा, और विनोद कुशवाहा शामिल रहे। कोरिया से जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश कुशवाहा भी अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ उपस्थित थे, जबकि सरगुजा जिले से जिला अध्यक्ष प्रेमचंद कुशवाहा भी अपने कार्यकारिणी के साथ चुनाव में शामिल हुए।

समाज के मीडिया प्रभारी चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई, जो समाज की आवाज को ऊँचाई तक पहुँचाने में सहायक बने। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारियों देवचरण कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, और दया शंकर कुशवाहा द्वारा किया गया। चुनाव के अंत में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। चुनाव में समाज के सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाई। कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के सभी जिलों के पदाधिकारी, सदस्य व समाज वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।




चुनाव कार्यक्रम में उपस्थित समाज को नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष सुखदेव मुनी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज का इतिहास काफी पुराना है। इसके बावजूद वे अपने हक व अधिकार से वंचित हैं। इसे पाने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। मुनि ने कहा कि कुशवाहा समाज के लिए आज का समय बहुत महत्वपूर्ण हो गया है सभी राजनीतिक दलों के द्वारा कुशवाहा समाज के लोगों को रिझाने की होड़ है, वैसे स्थिति में कुशवाहा समाज के लोगों की एकजुटता की बहुत आवश्यकता है। आज के दौर में कुशवाहा समाज के लोग अनेकों खेमे में बंटे हुए हैं और इस कारण कुशवाहा समाज के लोगों के मतों को महत्वहीन समझा जाता है। इस कारण कुशवाहा समाज के लोगों को आगे बढ़कर सामने आने की आवश्यकता है और अपने मत के साथ-साथ दूसरे कुशवाहा समाज के लोगों के मतों को एकजुट करना है ताकि उनके मतों का बिखराव को रोकने का प्रयास किया जा सके। नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष सुखदेव मुनी ने समाज के युवाओं को संगठित होकर समाज हित मे कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरगुजा सम्भाग कुशवाहा बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमे कई लोग राजनीति में भी सक्रिय है। उसके बाद भी समाज में बिखराव की स्थिति है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के अच्छे भविष्य के लिए सब लोगों को एकता का परिचय देना होगा। समाज में हो रहे अन्याय और प्रताड़ित लोगों को न्याय दिलाने का काम करेंगे। सभी युवा जिले में समाज को एकता में बांधने का काम करेंगे और जिले के सभी कुशवाह समाज के युवाओं को जागृत करने का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कुशवाहा समाज के इस सफल चुनाव ने समुदाय के बीच एकता और सहयोग को दर्शाया, और नए नेतृत्व के साथ आगे बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# रेल्वे स्टेशन की वाहन पार्किंग में खड़े युवक से एक लाख का गांजा जप्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** एक लाख रूपये के गांजा के साथ बसदेई पुलिस ने रेलवे स्टेशन से एक युवक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों

## बसदेई पुलिस की कार्रवाई

को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे सहित अवैध गतिविधियों पर सतत् निगाह बनाए हुए है। बताया गया है सोमवार को चौकी बसदेई पुलिस रेलवे स्टेशन सूरजपुर रोड़ उंचडीह में मुसाफिर चेक करने पहुंची जहां रेलवे स्टेशन सूरजपुर रोड में अम्बिकापुर से दुर्ग जाने वाले यात्री रेल के आने के समय पर जाकर स्टेशन में बैठे लोगों से यात्रा करने के बारे में जानकारी लेने के दौरान एक व्यक्ति ट्रेन जाने के बाद स्टेशन के सामने



गाड़ी पार्किंग करने के स्थान के पास संदिग्ध अवस्था में एक बैग टांगे हुए खड़ा मिला। जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम करमबीर कुमार पाटिल उर्फ छोटू पिता तुलसीदास पाटिल उम्र 24 वर्ष ग्राम कुसमुसी का रहने वाला बताया। युवक ने अम्बिकापुर से आने और जाने के लिए अपने दोस्त का इंतजार करने की बात कहीं। पूछताछ के उपरांत उसकी गतिविधि संदेहास्पद प्रतीत होने पर उसके बैग की तलाशी लिए जाने पर 5 किलो मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसकी कीमत 1 लाख रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अमित सिंह, अभय तिवारी, देवदत्त दुबे, नीलेश जायसवाल व प्रदीप सोनवानी सक्रिय रहे।

# नहाय-खाय के साथ प्रारम्भ हुआ सूर्योपासना का महापर्व छठ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भगवान भाष्कर की उपासना के महापर्व छठ के लिए यहां रेणुका नदी के तट स्थित छठ घाट में समिति के द्वारा युद्व स्तर पर व्यापक

## 0 छठ घाट पहुंचे कलेक्टर व एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा 0 दिए आवश्यक निर्देश

तैयारियां की जा रही है जो अब अंतिम रूप में है। समूचे घाट में साफ सफाई के साथ रंग बिरंगे रौशनी से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रंगीन रोशनी से दुल्हन की तरह सजे रेणुका के तट पर गुरुवार को व्रती अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देंगे। वहीं शुक्रवार को उदयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात महापर्व छठ का समापन होगा। मंगलवार को नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ प्रारम्भ हो गया। लोक आस्था के इस महापर्व को लेकर प्रशासन भी काफी गम्भीर है। सोमवार को कलेक्टर एस. जयवर्धन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने यहां स्थित रेड़ नदी छठ घाट का जायजा लिया जहां घाट की सफाई सहित समुचित व्यवस्था को दुरूस्त करने की कवायत तेजी से जारी है जिसे देखकर दोनों अधिकारी संतुष्ट दिखे। उन्होंने छठ घाट पर लाइटिग के साथ गोताखोर और मेडिकल टीम की तैनाती समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर ने बताया कि जिले में



जिन-जिन स्थानों पर छठ पर्व मनाया जाता है वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए है। छठ पूजा के दौरान पूरे जिले भर में विभिन्न घाटों पर बड़ी संख्या में अधिक पुलिस अधिकारी, पुलिस के जवान को तैनात किए जायेंगे। छठ घाट के अलावा शहर की भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए पुलिस की 2 पेट्रोलिंग टीमें लगातार मुस्तैद रहेगी।

जिले के कलेक्टर व एसएसपी ने सोमवार के शाम को सूरजपुर स्थित रेड़ नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेड़ नदी मुख्य छठ घाट पर उमड़ने वाली भीड़, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति द्वारा व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारी की भी जानकारी ली और कई जरूरी निर्देश भी दिए। यातायात प्रभारी को वाहनों की पार्किंग के उचित इंतेजाम करने के निर्देश दिए। समिति की ओर से यहां व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए की जा रही तैयारी पर संतोष जताया। इस दौरान एसडीएम जगन्नाथ वर्मा, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, निरीक्षक प्रकाश राठौर, नगर पालिका के अधिकारी, छठ पूजा समिति के संतोष सोनी, गणेश सोनी, राजेन्द्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, श्रवण जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।


**CHHATTISHGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI**

**छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई**

क्र/छ.ग. स्वा. वि.त.वि./प्रशा/2024/6311

भिलाई, दिनांक 23/10/2024

**विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कालेज अम्बिकापुर**

**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**अनुपयोगी सामान निविदा सूचना**

अनुपयोगी फर्नीचर/कार्यालय उपस्कर/रद्दी और अन्य वस्तुओं इत्यादि के निपटाने के लिए विघटनकर्ता या पुनर्चक्रणकर्ता के रूप में पंजीकृत फर्मों से सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का विवरण :

| क्र. | सामग्री | अनुमानित मात्रा (कि.ग्रा./नग | न्यूनतम कीमत |
|---|---|---|---|
| 1 | पुराने प्रेक्टिकल कापी | 873 | 21799/- |
| 2 | उत्तर पुस्तिका | 735 | |
| 3 | बैच | 245 | |
| 4 | टिन के टूटे क्षतिग्रस्त स्टूल | 85 | |

फुलमनिया
छ.ग.स्वा.धि.त.वि.
भिलाई

संपर्क करें
समाचार, इश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088 8719000259

# कोरिया फ्रंटलाइन

## नहाय खाय से शुरू हुआ सूर्य उपासना का छठ महापर्व

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** नहाय खाय के साथ चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा मंगलवार से प्रारंभ हो गया। छठ पूजा पर भगवान सूर्य और छठी माता की पूजा होती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को रखने से सूर्य देव की कृपा मिलती है। साथ ही संतान से जुड़ी सभी समस्याएं दूर होती हैं। इस साल छठ पूजा की शुरुआत मंगलवार 5 नवंबर 2024 से हो गई जो 8 नवम्बर 2024 को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न होगी। छठ पूजा सनातन धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। छठ पूजा का व्रत भगवान सूर्य और छठ माता को समर्पित है। छठ व्रत करने से परिवार सुखी और समृद्ध रहता है। छठ पूजा हिंदू धर्म का बेहद महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस साल इस



महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ मंगलवार 5 नवंबर से हो गई है। इस चार दिवसीय त्योहार में 36 घंटे का कठोर उपवास रखा जाता है, जो सूर्य देव और उनकी बहन छठी माता को समर्पित है। छठ पूजा बिहार और यूपी के सबसे बड़े और प्रमुख त्योहारों में से एक है, जहां घरों की सफाई से लेकर पूजा सामग्री, सूप खरीदने तक की तैयारी कई दिन पहले ही शुरू हो जाती है। यह पर्व वैदिक युग से चला आ रहा है। नहाय-खाय परंपरा दिवाली के चौथे दिन यानी कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय की परंपरा होती है। इस दिन कुछ खास रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। इस साल छठ पूजा 5 नवंबर नहाय-खाय से शुरू हो रही है। इस दिन घर का शुद्धिकरण किया जाता है। इसके बाद छठ व्रती स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना व्रत शुरू करते हैं। नहाय-खाय में व्रती चावल के साथ लौकी की सब्जी, छोले और मूली आदि का सेवन करते हैं। उपवास करने वाले व्रती के भोजन करने के बाद ही परिवार के बाकी सदस्य इस महाप्रसाद का सेवन करते हैं। नहाय-खाय को छठ पूजा की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन व्रत करने वाले व्यक्ति किसी पवित्र नदी या तालाब में स्नान करते हैं और प्रसाद के रूप में कच्चे चावल, चने और लौकी की सब्जी भोजन के तौर पर ग्रहण करते हैं। यह भोजन शुद्ध और पवित्र माना जाता है। इस दिन नमक वाला भोजन केवल एक बार ही किया जाता है। नहाय-खाय का सार पवित्रता से जुड़ा हुआ है, क्योंकि इस शुभ दिन पर व्रती खुद को शुद्ध करते हैं और सात्विक और पवित्र तरीके से छठ व्रत शुरू करते हैं। छठ पूजा का पहला दिन नहाय खाय से शुरू होता है दूसरे दिन घटबंधान व खरना पूजा की जाती है तथा व्रती महिलाएं मीठा भोजन कर 36 घंटे का कठिन व्रत रखती हैं छठ पूजा के तीसरे दिन गुरुवार 7 नवम्बर को डूबते सूर्य को व्रती महिलाएं अर्घ्य देंगी तथा चौथे दिन 8 नवम्बर को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगी। छठ पूजा महापर्व को लेकर विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई कर भव्य रूप से सजाया संवारा जा रहा है।

## बंद पड़े कोरिया नीर को पुनः चालू करने की मांग

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** आम आदमी पार्टी जिला सचिव विकास पांडेय ने बताया कि मंगलवार को नगर पालिका मनेंद्रगढ़, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत झगराखांड व नगर पंचायत लेदरी के बंद कोरिया नीर को पुनः शुरू करने के लिए कलेक्टर एमसीबी को आवेदन दिया गया है। विकास पांडेय ने आगे कहा कि शासन द्वारा क्षेत्र के लोगों को पीने के साफ व स्वच्छ पानी की व्यवस्था मुहैया कराने के लिए कोरिया नीर की शुरुआत की गयी थी जिसमें सरकारी मद के द्वारा प्रमुख जगहों को चिन्हित करके साफ और शुद्ध पानी देने वाली मशीन लगायी गयी थी। मगर दुर्भाग्य से आज आधे से ज्यादा कोरिया नीर बंद पड़े हैं और लोगों को शुद्ध पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विकास पांडेय ने बताया



कि, जो पानी पीएचई विभाग द्वारा घरों तक पहुंचाया जा रहा है, उसकी भी गुणवत्ता इतनी अच्छी नहीं है कि उसे सीधा पीने के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। मनेंद्रगढ़ जैसे छोटे शहर में लगातार कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र का पानी सीधे पीने लायक तो बिल्कुल भी नहीं है। पानी की सफ़ाई के नाम पर जो एलम इस्तेमाल किया जाता है उसकी भी आधे से ज्यादा राशि कमीशन खोरी में चली जा रही है। नगर पालिका मनेंद्रगढ़ समेत सभी नगर पंचायत के किसी भी दल के किसी भी राजनैतिक प्रतिनिधि को इस क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। विकास पांडेय ने कहा कि यह मामला सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है। हमने ज्ञापन के द्वारा कलेक्टर से निवेदन किया है कि नगर पालिका मनेंद्रगढ़, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत झगराखांड व नगर पंचायत लेदरी के सभी बंद कोरिया नीर को पुनः शुरू करवाया जाये. आम आदमी पार्टी लोगों से जुड़े मुद्दों पर लड़ाई लड़ने में हमेशा प्रथम पंक्ति में रही है चाहे वह स्वास्थ्य विभाग का मामला हो या फिर नगर पंचायत झगराखांड में 4 महीने से बंद पानी के सप्लाई को शुरू कराने का जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए आगे भी पार्टी सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी।

## विधायक रेणुका सिंह ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने सोमवार को नगर पंचायत नई लेदरी में 01 करोड़ 42 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की नींव रखी। इस अवसर पर विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि नई लेदरी नगर पंचायत में जनता की मांग पर जनता के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे। नगर पंचायत से विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें शासन से प्रस्ताव स्वीकृत कराकर राशि लाने की जिम्मेदारी उनकी होगी। विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। भूमिपूजन अवसर पर नई लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अंजना वाईकिल्स, हसदेव मण्डल अध्यक्ष विनोद गुप्ता सहित पार्षद गण व बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।



## पुलिस अधीक्षक ने खड़गवां छठ घाट का निरीक्षण किया

**जरही।** सूरजपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के दिशानिर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रतापपुर अरुण नेताम ने खड़गवां चौकी क्षेत्र अंतर्गत महान नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए लोगों से श्रद्धाभाव से सुरक्षित छठ पर्व मनाने कहा। इस मौके पर चौकी प्रभारी खड़गवां योगेंद्र जायसवाल सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## आधार कार्ड बनाने माता राजमोहिनी देवी ऑडिटोरियम में शिविर आज

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री जनमन आदिवासी न्याय महा-अभियान अंतर्गत जिले के समस्त पहाड़ी कोरवाओं एवं पण्डो जनजाति के परिवार के सदस्यों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है, इसके तहत इन परिवारों के सभी सदस्यों का आधार कार्ड निर्माण सेचुरेशन हेतु 06 नवंबर 2024 को प्रातः 10 बजे माता राजमोहिनी देवी ऑडिटोरियम अंबिकापुर में एक दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर ने जनपद पंचायत के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पहाड़ी कोरवाओं एवं पण्डो जनजाति के परिवार के सदस्यों को वांछित अभिलेख सहित शिविर स्थल पर उपस्थित होने एवं हितग्राहियों की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। शिविर स्थल में विकासखण्डवार हितग्राहियों के बैठक की उचित व्यवस्था, शिविर स्थल पर फ्लैक्स, विकासखण्ड के नाम सहित कक्ष में बैनर चस्पा करने, हितग्राहियों के भोजन एवं पानी के प्रबंध, शिविर स्थल में प्रति 2 घंटे में आधार निर्माण का रिपोर्ट तैयार कर शिविर समाप्ति उपरांत फाईनल डेटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा को प्रदाय करने हेतु आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त एवं सहायक संचालक तथा समस्त जनपद पंचायतों के मंडल संयोजक की ड्यूटी लगाई गई है।

## पत्नी की हत्या के बाद लाश के साथ गुजारा रात, आरोपी पति गिरफ्तार

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** हत्या के मामले में लखनपुर थाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का पत्नी से रोजाना शराब पीने एवं लड़ाई-झगड़ा करने की बात कहने को लेकर विवाद हुआ था। आवेश मे आकर पति ने उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी हत्या के बाद पूरी रात पत्नी के शव के साथ रहा, अगले दिन घटना की जानकारी स्वजन को दिया था। जानकारी के मुताबिक लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुड़वानी में बीते 03 नवम्बर को घूरसाय का अपनी पत्नी छिछोबाई से घर के परछी के पास विवाद हुआ था। इस दौरान घूरसाय आवेश में आकर अपनी पत्नी को दरवाजा के हड़का एवं जलावन की लकड़ी से मारपीट किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इसकी सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो छिछोबाई अपने घर के परछी में मृत हालत में पड़ी थी और काफी खून निकला था। मृतिका के शरीर में चोट के निशान भी दिखाई दे रहे थे। घटना की जानकारी थाना में लरंग साय चौधरी ने 04 नवम्बर को दी थी, जिस पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतिका के शव का पंचनामा किया और स्वजनों से पूछताछ के बाद घूरसाय 45 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ दौरान बताया कि घटना दिनांक 03 नवम्बर को उसकी पत्नी छिछोबाई रोजाना शराब पीने एवं लड़ाई-झगड़ा करने की बात कहते हुए विवाद कर रही थी।

## कलेक्टर ने लंबे समय से नदारद कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी विभाग प्रमुखों को लम्बे समय से नदारद कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना अवकाश स्वीकृत किए और बीना सूचना के कार्यालय नहीं आने वाले और अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करने वालों की जानकारी मांगी और ऐसे कर्मचारियों को नोटिस देकर कारवाई करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने कहा जशपुर जिला मुख्यमंत्री का गृह जिला है। जिले में लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करना जरूरी। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करना जरूरी है।

## सम्मान समारोह का आयोजन

छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव। भटगांव कुदरिया पारा में युवा शक्ति संगठन के बैनर तले बैठक करके युवाओं की समाज में भूमिका सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। समाज को बेहतर बनाने की दिशा में क्या कदम युवा उठा सकते हैं, इस पर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि युवा देश और समाज की रीढ़ हैं, जो समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश के वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को चरितार्थ करते हुए कार्तिक माह के पावन पर्व पर सर्वजन कल्यार्थ गौ कल्यानार्थ नशा मास मुक्ति हेतु नव दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसके श्रवण मात्र से भक्तों के भाग्य जागृत होते आए हैं साथ ही जीवन मैं आए भटकाव, तनाव से भी मुक्ति प्राप्त होती है। उक्त कार्यक्रम 3 नवंबर रविवार से 11 नवंबर सोमवार तक मनेंद्रगढ़ जिले के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर विजय हनुमान टेकरी मैं नगरवासियों के सहयोग से कथा सत्संग का आयोजन कलयुग के महाराज सबके स्वामी महाराज जगन्नाथ पुरी, उड़ीसा भारत से पधारे राष्ट्रीय संत श्रद्धेय आचार्य आदिनारायण जी महाराज के



मुखारविंद से की जा रही है। उक्त भागवत का रसपान करने के लिए मंदिर के महंत रामेश्वर दास जी ने सभी भक्त प्रेमियों से अपील करते हुए कहा है। सभी भक्तजन तन मन धन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। कथा 3 नवंबर शाम 3 बजे से बड़े हनुमान मंदिर से श्री राम मंदिर तक कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से महिला पुरुष बच्चों के उपस्थिति में जय श्री राम के नारों के साथ निकाली गई। आज प्रात भक्त जनों की उपस्थिति में मंदिर में धूमधाम से आरती पूजा की गई जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष श्री राम जय राम जय जय राम के नारों के साथ की गई। व्यास जी द्वारा कथा 10 नवंबर तक शाम 3 बजे से हरि इच्छा तक राष्ट्रीय संत श्रद्धेय आचार्य आदि नारायण जी महाराज जी द्वारा सुनाई जावेगी एवं 11 नवंबर को भंडारे का भी आयोजन रखा गया है।

## जल जीवन मिशन की कार्य जिले में तीव्रगति से प्रगतिशील

### सोलर एवं एकल ग्राम नल जल योनजाओं के द्वारा 856 कार्य हो चुके पूर्ण

- जिले में 60 हजार से अधिक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन क्रियाशील

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में कार्य तीव्रगति से प्रगतिशील है। सोलर एवं एकल ग्राम नल जल योनजाओं के द्वारा 856 योजनाओं का कार्य पुर्ण हो चुका है जिले में कुल 755 ग्रामों में 3333 योजनाओं की सरकारी स्वीकृति हुई है। जिनमें 856 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 2477 योजनाओं का कार्य प्रगतिशील है जिले में कुल परिवारों की संख्या 199940 है जिनके लिए 146031 घरेलु नल कनेक्शन का निर्माण हुआ है जिनमें 60001 क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन क्रियाशील है।



जिले के विशेष रूप से कमजोर पीवीटीजी बसाहटें पहाड़ी कोरवा के बसाहटों तक पानी पहुंचाने में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का विशेष ध्यान है ऐसे विशेष पहाड़ी कोरवा बसाहटें मुख्य बसाहटों से दुर होने या पहुँचविहीन होने के कारण योजना से वंचित रह जा रहे थे ऐसे बसाहटों में विशेष अनुमति लेकर नलकुप खनन का कार्य तेजी से किया जा रहा है जिनमें विकासखण्ड बगीचा के पंड्रापाठ, बरपाठ बसाहट में नलकुप खनन हो गया है। ऐसे ग्राम जिनमें योजना का कार्य खत्म हो गया है उनका हर घर जल सर्टिफिकेशन किया जाता है अब तक जिले में 16 ग्राम का हर घर जल सर्टिफिकेशन हो गया है। जिससे वह ग्राम हर घर जल ग्राम घोषित हो। ऐसा ही एक ग्राम है बरडांड जो जिले के विकास ण्ड कुनकुरी का है जहां पर कुल 248 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन द्वारा पानी लगभग एक सालों से पहुंचाया जा रहा है। योजना के आने से पूर्व ग्रामीण अपनी पानी की दैनिक आवश्यकताओं के लिए कुएं एवं हैंडपंप पर निर्भर थे विशेषकर महिलाएं ही पानी भरती थी जिसमें दिन का काफी समय लग जाया करता था कुआं एवं हैंडपंप के पानी की जांच की व्यवस्था न होने के कारण जल जनित बीमारियां जैसे पेट खराब, बुखार, टाइफाइड इत्यादि सामान्य थी। गर्मियों में जब जल स्तर नीचे चला जाता था तो पानी की समस्या भी हो जाती थी। अब पिछले एक साल से जल जीवन मिशन योजना ग्राम में चालू है, अब दूर- दराज से पानी भरने की समस्या खत्म हो गयी है पानी की जांच होने से अब पानी की शुद्धता पर संदेह खत्म हो गया है पानी सुबह और शाम दो बार एक घंटे तक चलता है जो पुरे परिवार के लिए पर्याप्त होता है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के आने से वे सब काफी खुश हैं एवं योजना की वजह से ग्रामीणों के बीमार होने की संभावना पिछले साल से काफी कमी आई है।

## कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की फाईल को निराकरण करने के लिए तीन दिवस के भीतर नस्तीयां प्रस्तुत करने के दिए सख्त निर्देश

- समय-सीमा में नस्ती प्रस्तुत नहीं किये जाने पर संबंधित शाखा लिपिक के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई
- समस्त शाखा प्रभारी अपने प्रभार वाले शाखाओं का प्रति शुक्रवार को टेबल निरीक्षण करेंगे

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कार्यालय,



जशपुर के विभिन्न शाखाओं के फाईल नस्ती का अवलोकन करने पर पाया गया कि संबंधित शाखा लिपिकों द्वारा नस्तियां पत्र प्राप्ति के पश्चात् विलम्ब से प्रस्तुत की जा रही है, जिससे प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही में विलम्ब हो रही है। उपरोक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला कार्यालय के समस्त प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपने प्रभार के समस्त शाखाओं में प्राप्त होने वाले पत्रों का 03 दिवस के भीतर निराकरण हेतु नस्ती प्रस्तुत करायेंगे। समय-सीमा में नस्ती प्रस्तुत नहीं किये जाने पर संबंधित शाखा लिपिक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। संबंधित शाखा द्वारा नस्ती प्रभारी अधिकारी के अनुमोदन एवं अधीक्षक शाखा में फाईल/नस्तीयों को इन्द्राज होने के पश्चात् प्रस्तुत करेंगे। समस्त शाखा प्रभारी अपने प्रभार वाले शाखाओं का प्रति शुक्रवार को टेबल निरीक्षण करेंगे।

## अनियंत्रित बाइक से गिरे युवक की इलाज दौरान मौत

**अंबिकापुर।** मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिरे अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बभनी उत्तर प्रदेश के ग्राम जोबेद का राजू सिंह पिता रामसागर पण्डो 35 वर्ष 4 नवम्बर को मोटरसाइकिल से अकेले अपने ससुराल ग्राम रामनगर बसंतपुर आया था। इसी दौरान फुलीडूमर के पास अनियंत्रित होकर गिर गया। संजीवनी 108 से उसे वाड्रफनगर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां से रेफर करने पर स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान मंगलवार को अलसुबह 4.30 बजे उसकी मौत हो गई।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर (छ.ग.) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा